दैनिक

प्रातः कालीन

भारत सरकार से रजिस्टर्ड

हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001



दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

KNLS Live

सम्पर्क करे-9027776991

न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 में

न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में



वर्ष :- 03 अंक :- 35 मुरादाबाद, 25 May 2023 (Thursday) पृष्ठ :- 12 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड


## सीएम योगी ने महाकुंभ-2025 की तैयारियों को लेकर दिए निर्देश, थीम व लोगो जल्द जारी करने को कहा



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ 2025 की तैयारियों को लेकर अफसरों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने विभिन्न मंदिरों के सौंदर्यीकरण के अलावा इसके प्रचार-प्रसार और आने वाले भक्तों के लिए नागरिक सुविधाओं का विकास करने पर जोर देने की बात कही। प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ मेला-2025 को भव्य बनाने के लिए सीएम योगी ने विभागीय अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए हैं। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि महाकुम्भ मेला-2025 का लोगो और थीम जल्द से जल्द बना लिया जाए। साथ ही, प्रयागराज में पर्यटन विभाग द्वारा विभिन्न मंदिरों के सौंदर्यीकरण के अलावा इसके प्रचार-प्रसार और आने वाले भक्तों के लिए नागरिक सुविधाओं का विकास करने पर जोर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार हर बार की तरह 2025 में होने जा रहे महाकुंभ को भी वृहद स्तर पर आयोजित करने के लिए प्रतिबद्ध है। महाकुंभ-2025 में देश और दुनिया से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की बुनियादी जरूरतों के साथ ही सरकार उन्हें भव्य और दिव्य महाकुंभ का दर्शन भी कराएगी।

### मंदिरों का होगा सौंदर्यीकरण

महाकुंभ-2025 की तैयारियों को लेकर जो निर्देश दिए गए हैं, उनमें प्रयागराज स्थित भारद्वाज आश्रम, द्वादश माधव मंदिर, नागवासुकी मंदिर, दशाश्वमेध मंदिर, मनकामेश्वर मंदिर, अलोपशंकरी मंदिर, पड़िला महादेव मंदिर, पंचकोशी परिक्रमा पथ के अन्तर्गत आने वाले मंदिर, कोटेश्वर महादेव, कल्याणी देवी, डिजिटल कुंभ म्यूजियम, तक्षक तीर्थ, करछना, अक्षयवट या पलापुरी मंदिर, हनुमान मंदिर, फ्लोटिंग जेटी और रेस्टोरेन्ट, राही इलावर्त होटल, त्रिवेणी दर्शन और तीन प्रवेश द्वारा को सौन्दर्यीकरण कराने को कहा गया है। इसके अलावा महाकुम्भ-2025 के प्रचार-प्रसार के लिए ट्रैवल तथा टूर ऑपरेटर्स को आमंत्रित करते हुए कान्क्लेव का आयोजन करने, भारतीय एवं विदेशी भाषाओं में कुंभ के प्रचार-प्रसार के लिए पर्यटन साहित्य का प्रकाशन करने, प्रयागराज में अस्थाई टेन्ट कालोनी की स्थापना करने, आधुनिक सुविधाओं से युक्त अस्थाई बस स्टेशन एवं रेलवे स्टेशन पर पर्यटन सूचना केन्द्र बनाने के निर्देश दिए हैं।

### एडवेंचर गतिविधियों को भी किया जाएगा प्रोत्साहित

यही नहीं, योगी सरकार ने अस्थाई थिमैटिक गेटों का निर्माण शुरु करने, साहसिक पर्यटन के अन्तर्गत अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की गतिविधियों तथा आयोजनों का संचालन (प्रोजेक्शन मैपिंग, लेजर शो, हॉट एयर बैलून-शों, ड्रोन-शो, एरो स्पोर्ट्स, हेलीकाप्टर ज्वॉय राइड, पैरा ग्लाइडिंग, पेरा मोटरिंग आदि) की व्यवस्था शुरू की जाए। पर्यटन सेवा प्रदाताओं (गाइड्स, आटों-रिक्शा ड्राइवर्स, वेन्डर्स बोटमैन) को प्रशिक्षण दिया जाए। सभी राज्यों की संस्कृति को दिखाते हुए पवेलियन की स्थापना की जाए।

## लोकसभा चुनाव के लिए मायावती ने बनाई खास रणनीति, भतीजे आकाश को सौंपी अहम जिम्मेदारी



मायावती और आकाश ने मिलकर लोकसभा चुनाव के लिए मास्टर प्लान भी बनाया है। इसके जरिए बसपा भारतीय जनता पार्टी के साथ-साथ विपक्ष को भी कड़ी टक्कर देने की तैयारी कर रही है लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियां तेज हो गईं हैं। एक तरफ भारतीय जनता पार्टी (BJP) ने युद्ध स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं तो दूसरी ओर विपक्ष एकजुट होने लगा है। हालांकि, विपक्ष में कई पार्टियां अभी भी हैं, जो अलग राह पर चल रहीं हैं। इन्हीं में बहुजन समाज पार्टी (BSP) भी है। बसपा को विपक्षी दलों ने खुद किनारे कर रखा है। यही कारण है कि मायावती ने अलग रणनीति पर काम करना शुरू कर दिया है। मायावती ने इसके लिए अपने भतीजे और पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक आकाश आनंद को लगाया है। मायावती और आकाश ने मिलकर लोकसभा चुनाव के लिए मास्टर प्लान भी बनाया है। इसके जरिए बसपा भारतीय जनता पार्टी के साथ-साथ विपक्ष को भी कड़ी टक्कर देने की तैयारी कर रही है। आइए जानते हैं इसके लिए बसपा ने क्या प्लान बनाया है? कैसे लोकसभा चुनाव में पार्टी की स्थिति बेहतर करने की तैयारी है?

### लोकसभा चुनाव के लिए क्या है बसपा की तैयारी?

इसे समझने के लिए हमने बसपा के एक राष्ट्रीय स्तर के नेता से बात की। उन्होंने बताया कि हाल ही में बसपा प्रमुख मायावती ने हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, जम्मू कश्मीर और झारखंड के पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनी। बसपा प्रमुख ने पार्टी के पदाधिकारियों का हौसला बढ़ाया और जीत का मंत्र भी दिया। बसपा नेता ने आगे पांच बिंदुओं में पार्टी की रणनीति भी बताई। 1. कोर वोटर्स को वापस पार्टी से जोड़ने की कोशिश = बसपा का कोर वोटर्स सबसे मजबूत रहे हैं। बसपा से दलित वर्ग का वोटर जुड़ा रहा है, लेकिन पिछले कुछ चुनावों से दूसरे दलों ने पार्टी के कोर वोटर्स में ही सेंध लगा दी है। अब इन वोटर्स को वापस पाने के लिए पार्टी के कार्यकर्ताओं को जमीन पर उतारने की तैयारी है। 2. युवाओं को जोड़ने के लिए आकाश आनंद करेंगे काम= दलित वोटर्स के बिखराव में भीम आर्मी बड़ा कारण रही है। अब वापस दलित युवाओं को पार्टी से जोड़ने के लिए आकाश आनंद खुद जिम्मेदारी संभालेंगे। आकाश सोशल मीडिया से लेकर लोगों के बीच लगातार जाएंगे, जिससे वह सीधे दलित युवाओं के संपर्क में आ सकें। 3. आरक्षण का मुद्दा उठाने की तैयारी= बसपा ने एक बार फिर से आरक्षण का मुद्दा जोरशोर से उठाने का फैसला लिया है। सरकारी और बैकलॉग भर्तियों में आरक्षण के जरिए युवाओं की भर्ती और नौकरियों का मुद्दा भी उठाने की भी तैयारी है। इसमें ओबीसी वर्ग के युवाओं को भी जोड़ने की कोशिश है। 4. उम्मीदवारों के चयन पर भी फोकस= पार्टी ने उम्मीदवारों के चयन प्रक्रिया में भी बदलाव करने का फैसला लिया गया है। अब उम्मीदवारों के चयन से पहले सर्वे भी कराया जाएगा। फिर उन्हीं को टिकट दिया जाएगा, जिसका सर्वे में ज्यादा जिक्र होगा। 5. दूसरी पार्टी के नेताओं को भी जोड़ने की कोशिश होगी= बसपा ने जिन नेताओं को बनाया, उन्होंने मुश्किल समय में पार्टी छोड़ दी। ऐसे में अब पार्टी ने दूसरे दलों के नेताओं को भी पार्टी से जोड़ने की रणनीति बनाई गई है। जाति और धर्म के आधार पर नेताओं को पार्टी से जोड़ा जाएगा। इसके जरिए लोकसभा चुनाव में फायदा बंटोरने की कोशिश होगी। पिछले कुछ चुनावों में कैसा रहा है बसपा का प्रदर्शन? 2012 के बाद से बसपा का प्रदर्शन यूपी समेत कई राज्यों में गिरता जा रहा है। अभी लोकसभा में बसपा के नौ सदस्य हैं। ज्यसभा में अब सिर्फ एक सीट बची है। अलग-अलग राज्यों के विधानसभा और विधानपरिषद में भी बसपा के केवल सात सदस्य हैं। 2022 में हुए यूपी चुनाव में बसपा को केवल एक ही सीट मिली थी।मध्य प्रदेश में 2018 में हुए चुनाव में पार्टी ने दो सीट पर जीत सकी थी। राजस्थान में 2018 में हुए चुनाव में बसपा के छह उम्मीदवार चुनाव जीते थे, हालांकि बाद में सभी ने दल बदलकर कांग्रेस जॉइन कर ली। छत्तीसगढ़ में 2018 में हुए चुनाव में बसपा के दो उम्मीदवार विधायक चुने गए थे। 2020 बिहार विधानसभा चुनाव में बसपा के एक उम्मीदवार की जीत हुई थी। दिल्ली, हरियाणा, झारखंड, हिमाचल प्रदेश के चुनावों में पार्टी का खाता तक नहीं खुल पाया।

## 'संवैधानिक मूल्यों से बनती है संसद, अहंकार की ईंटों से नहीं': नए संसद भवन पर राहुल का तंज



कंग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को नए संसद भवन और उसके उद्घाटन कार्यक्रम को लेकर केंद्र सरकार पर तंज कसा। राहुल ने कहा कि संसद संवैधानिक मूल्यों से बनती है, न कि अहंकार की ईंटों से। उन्होंने यह भी कहा कि कहा कि संसद के नए भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों नहीं कराया जाना और समारोह में भी उन्हें आमंत्रित नहीं किया जाना देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद का अपमान है। राहुल ने अपने ट्वीट में कहा, ''राष्ट्रपति से संसद का उद्घाटन न करवाना और न ही उन्हें समारोह में बुलाना - यह देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद का अपमान है। संसद अहंकार की ईंटों से नहीं, बल्कि संवैधानिक मूल्यों से बनती है। राहुल के इस ट्वीट पर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट कर कहा, ''संसद में लोकतंत्र की शहनाई बजनी चाहिए, लेकिन जब से स्वघोषित विश्वगुरु पधारे हैं एकतंत्र की तोप चलाई जा रही है। इमारत नहीं, नीयत बदलो!'' प्रधानमंत्री मोदी 28 मई को संसद के नए भवन का उद्घाटन करेंगे। गौरतलब है कि इसे लेकर विपक्ष के 19 दलों ने बुधवार को एलान किया कि वे संसद के नए भवन के उद्घाटन समारोह का सामूहिक रूप से बहिष्कार करेंगे, क्योंकि इस सरकार के कार्यकाल में संसद से लोकतंत्र की आत्मा को निकाल दिया गया है और समारोह से राष्ट्रपति को दूर रखकर अशोभनीय कृत्य किया गया है। इन दलों ने संयुक्त बयान में यह आरोप भी लगाया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को उद्घाटन समारोह से दरकिनार करना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संसद के नए भवन का उद्घाटन करने का फैसला लोकतंत्र पर सीधा हमला है।

## आजम को राहत- भड़काऊ भाषण मामले में गई थी सपा नेता की विधायकी, अब उसी केस में हुए बरी



रामपुरः समाजवादी पार्टी के नेता और पूर्व विधायक आजम खां को बड़ी राहत निली है। बुधवार को निचली अदालत ने भड़काऊ भाषण के मामले में सजा के आदेश को खारिज कर दिया है। समाजवादी पार्टी के नेता और पूर्व विधायक आजम खां को बड़ी राहत निली है। बुधवार को निचली अदालत ने भड़काऊ भाषण के मामले में सजा के आदेश को खारिज कर दिया है। बताते चलें कि आजम खां की तरफ से सजा के खिलाफ सेशन कोर्ट में अपील की गई थी। बताते चलें कि यह वही भड़काउ भाषण का मामला है, जिसमें आजम खान कि विधायकी गई थी और उन्हें तीन साल की सजा सुनाई गई थी। निचली अदालत द्वारा सजा सुनाए जाने के बाद आजम खां की तरफ से इसके खिलाफ सेशन कोर्ट में अपील की गई थी।

### कब का है मामला

मामला 2019 के लोकसभा चुनावों के समय का है। आजम खान पर जिलाधिकारी और संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों के खिलाफ हेट स्पीच का आरोप लगा था। आरोप था कि आजम ने पीएम मोदी और सीएम योगी के खिलाफ भी आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया था।

जिसके बाद उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। हालांकि आजम खान ने यह चुनाव जीत लिया था लेकिन 2022 में उन्होंने विधानसभा चुनाव सीट से लड़ने के कारण अपनी सांसदी छोड़ दी थी। इसके बाद रामपुर लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में समाजवादी पार्टी को झटका लगा था।

28 अक्टूबर 2022 को निचली अदालत द्वारा दिए गए फैसले में आजम खान की विधायकी को रद्द करते हुए उन्हें तीन साल की सजा सुनाई गई थी।

## उपराष्ट्रपति बोले- सीमाएं सुरक्षित इसलिए हम कर रहे प्रगति; 2047 में भारत करेगा विश्व का नेतृत्व



भारत में हो रहे नवाचार और विकास को लेकर उपराष्ट्रपति ने कहा कि देश को विकसित करने के लिए जिस तरह की योजनाओं का कार्यान्वयन आज हो रहा है वह पहले कभी नहीं किया गया। विकास की बढ़ोतरी का यह आंकड़ा यहां से और उच्च स्तर पर जाएगा और 2047 तक भारत एक वैश्विक नेता होगा।उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को सीमा सुरक्षा बल की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि देश की आर्थिक प्रगति उसकी सुरक्षा से गहराई से जुड़ी हुई है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) जैसे रक्षा बल भारत के समग्र विकास को संरक्षित करने का काम करते हैं। उपराष्ट्रपति धवखड़ ने इस दौरान भारत के आर्थिक विकास का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि देश इस समय तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। 2047 तक जब भारत आजादी के सौ साल पूरे करेगा तब वह ग्लोबल लीडर के रूप में अपनी भूमिका निभाएगा। वे राजधानी दिल्ली में बीएसएफ के वार्षिक रुस्तमजी स्मृति व्याख्यान में बोल रहे थे। व्याख्यान में अपने संबोधन में धनखड़ ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा देश की प्रगतिशील समृद्धि की आधारशिला है।जो विकास पहले होना चाहिए था वह अब हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज आप देखते हैं कि हमारे पास किस तरह का बुनियादी ढांचा है, जिस तरह की तकनीकी भागीदारी हो रही है, जिस तरह के हथियार उपलब्ध कराए जा रहे हैं और जिस तरह की सुविधाएं मानव संसाधन के लिए बनाई जा रही हैं। वह बेहतरीन हैं। बीएसएफ जैसे सुरक्षा बलों के प्रति यह कोई दायित्व नहीं है , यह हमारा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि वह इस बात से संतुष्ट हैं कि अब इन मुद्दों पर ध्यान दिया जा रहा है।भारत में हो रहे नवाचार और विकास को लेकर उपराष्ट्रपति ने कहा कि देश को विकसित करने के लिए जिस तरह की योजनाओं का कार्यान्वयन आज हो रहा है वह पहले कभी नहीं किया गया। विकास की बढ़ोतरी का यह आंकड़ा यहां से और उच्च स्तर पर जाएगा और 2047 तक भारत एक वैश्विक नेता होगा।भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था को लेकर उन्होंने कहा कि सिर्फ एक दशक पहले हम 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थे

## संपादकीय Editorial

# G-20's 'Paradise'

Kashmir looks like 'Jannat' once again. Even at night it is drenched in colorful lights. Dal Lake is swaying as if in a dance pose! Shikaras are full of tourists. According to the tourism department, more than 26 lakh tourists have come to Kashmir.
It is estimated that this year this figure will cross 2 crores. This is the real side of the normal situation. Kashmir is being processed. The 'Lal Chowk' area in which Pakistan's order used to run and its flag was seen waving. When there was an order for a strike, the markets had to be closed and there was deathly silence.
Today the 'Tricolor' is fluttering in 'Lal Chowk' and its surrounding areas. There is hustle and bustle all around, as business continues unabated. Investment is also coming. There are new expectations and hopes.
The stone-pelting youth are now busy in work and are eager to see the all-round development of the state. This atmosphere of Kashmir is not temporary anymore. Such an international event has been organized after the abrogation of Article 370. 61 representatives from 29 G-20 countries have attended the Kashmir meeting. The meeting will continue till May 24. Representatives are discussing aspects related to tourism, shooting of films, skills, destination management, green tourism etc. Kashmir will also be a dimension in global tourism. G-20 Indian Sherpa Amitabh Kant's remark that there is no better place for filmmaking and romance than Kashmir has wider ramifications. After a murderous, separatist and tense phase of terrorism, when the 'paradise' of Kashmir seems to be restored, it is reassuring and the integrity of our sovereignty is assured.
The credit for this change should also be given to the organization of the G-20. India is presiding over the G-20 countries this year. A 'Summit' will be organized in the month of September, in which the President or Prime Minister of these countries will participate. China has boycotted the G-20 meeting in Srinagar, because China still considers Jammu and Kashmir as 'disputed territory'.
Kashmir is an integral part of India, it is clear globally. China has decided to boycott supporting Pakistan. Had he attended, his aggressive, unilateral policies could have been questioned in the meeting. Pakistan has nothing to do with G-20.
He is neither a member nor has he been invited as a guest. However, apart from China, Saudi Arabia, Turkey and Egypt have also not sent their authorized representatives, but private companies, travel agents and tour operators from those countries have participated.
This is the hypocrisy of these countries. The world knows that when there was a devastating earthquake in Turkey in February, how much did India help that country through 'Operation Dost'? How many lives were saved?
How many were provided food, water, milk? Saudi Arabia has been India's fourth largest trading partner. Yet the boycott is beyond comprehension.
Egypt is also not a member, but a guest country. Islamic countries like Indonesia have also participated. G-20 is the world's largest, prosperous, business, rich and powerful countries forum.

# Crisis: That's why tigers come to settlements, need to make concrete policy including security wall


In the settlements of Uttarakhand, tigers continuously hunt people, to deal with which there is a need to make a concrete policy including security wall. It is commonly said that the tiger is the king of the jungle, where it hunts wild animals for its food. But now the reverse is happening. He leaves the forest and wanders in the settlements. As a result, the fear of tiger has started troubling people in the hill villages even during the day. The situation is so dire that women going to the forest to collect grass-wood, or riders on scooters-motorcycles-all are becoming victims of tiger and guldar attacks. In Uttarakhand, which has 71 percent forest area, these days the tiger has terrorized the people. By the way, there should have been arrangements for the food of the tiger in such a large forest area, but the creatures that tigers make their prey, are now not found even in the forest. As a result they are attacking people in settlements in search of food. Dozens of people were attacked by tigers in Tehri, Pauri, Uttarkashi districts during April-May, 2023, in which about half a dozen people were killed. In front of the inhabited villages near all the wildlife parks of Uttarakhand including Jim Corbett, Rajaji National Park The biggest challenge is to save lives from wild animals. District Pauri Garhwal is greatly affected by the menace of tigers. People are telling that man-eating tigers are coming towards the settlements from Jim Corbett. Here in dozens of villages, people see tigers around. In the second week of April, two people of Dalla village and Bhaid village of Lansdowne assembly were mauled by the tiger. When Regional MLA Dilip Singh Rawat reached the spot to inspect, the tiger came in front of him, which was chased away by the security personnel by firing in the air. During this, the administration closed schools and colleges and also ordered to provide fodder leaves for animals at home in the affected villages. Due to these incidents, people are protesting against the forest department from place to place. The specialty of these dangerous animals is that wherever they find human prey once, they do not move away from its vicinity. On the other hand, tigers coming out of wildlife and sanctuaries are also becoming the target of poachers. On an average, 31 tigers in the country are killed for this reason. The interim report of the Rural Development and Migration Commission in Uttarakhand states that a large number of people have left villages and migrated to cities due to attacks by wildlife. From 2014 to May 2018, 25 people have lost their lives and over 1,400 have been injured due to human-wildlife conflict. Due to this farmers leave their farming. Dense bushes have grown as the village is empty, where these dangerous animals lurk. That's why the affected villagers have demanded that the bushes around the village should be cleared under MNREGA. There is also a need to build security walls here. Due to the fire in the forests, wild animals come towards the settlements. The Forest Department is monitoring the activities of wild animals through cameras, but tigers are not able to get trapped in their cages. Along with controlling poaching of animals, the Forest Department will also have to protect forests from fire. Obviously, for this the Forest Department should have enough officers and employees, which is currently lacking. In the winter session of December 2022, Pauri Garhwal's MP and former Chief Minister Tirath Singh Rawat, while discussing Guldar attacks in the Parliament, said that 50 people are dying every year due to this. He had demanded the Union Forest Minister to formulate a concrete policy for this. Despite the menace of tigers, the forest department is sticking to its old system. When there is information about wildlife attack from somewhere, they reach with their cage and camera, but that is not ending the problems of the people.

# Effect of Karnataka result: Congress becoming a challenge for regional satraps, the exercise of opposition unity may fade

Amid the debate over opposition unity ahead of the upcoming Lok Sabha polls, the Karnataka election results have left regional satraps worried whether the Congress will grow at their cost. In such a situation, the parties which wanted to join him, would also like to stay away from him. The manner in which the Congress has made a comeback in Karnataka and the ease with which it has handled the leadership crisis shows that the Congress is regaining its old prowess. Siddaramaiah was the natural choice for the chief minister's post, widely accepted across Karnataka and the face of the old 'Ahinda' vote bank made up of OBCs, Muslims and Dalits. DK Shivakumar knew his limits and agreed to the number two position after hard bargaining – he bargained for the best of power sharing, which worked. All eyes are now on how the two work together and provide good governance to the state for which the people have elected them. Will the Karnataka result have a bearing on the state elections later this year? And to what extent can it be helpful in bringing the entire opposition together to take on Narendra Modi in 2024? The Karnataka victory will help the Congress, as it has infused enthusiasm among desperate party workers who, before the Himachal Pradesh victory, had forgotten what electoral victory can taste like. But a Karnataka victory is unlikely to douse the tussle between Chief Minister Ashok Gehlot and Sachin Pilot in Rajasthan. The Congress is in a good position in Madhya Pradesh, but not because of the Karnataka victory, but because of the anti-incumbency wave against Mamaji (Chouhan). Besides, there are differences in the Madhya Pradesh BJP, as was the case in Karnataka. It is being said that at present the situation is 50:50 in Chhattisgarh. Unlike Rajasthan, Chief Minister Bhupesh Baghel has effectively sidelined TS Baba, who was recently seen holidaying in Australia! The BJP is trying to make corruption a big issue here and it is not yet known to what extent the ED-probe into the liquor scam will affect Baghel and his son, and how the BJP will take advantage of it.
Bhupesh Baghel has taken pro-poor measures like buying cow dung from poor families at Rs 2 per kg for farmers to strengthen the rural economy, using it for biogas, helping poor families to increase their income, which in his favor goes. Apart from this, he has also played the 'Chhattisgarhia' card of regional identity and linked the state's cultural heritage with soft Hindu symbols like 'Ram Van Gaman Path'. Baghel has emerged stronger in the last five years and if the Congress wins there again, it will be seen more as his victory than that of the party. Like Karnataka, today in Chhattisgarh too, the Congress has strong leadership at the local level to trust. This is not the case with the BJP, which lacks effective leadership in the state and former chief minister Raman Singh is missing from the scene for some reason. Theoretically, a Karnataka victory could prompt Mallikarjun Kharge (who has grown in stature after the Karnataka victory) to bring Gehlot and Pilot to the table together for reconciliation, to reach an agreement on seat-sharing in the upcoming elections . It is possible that the pilots will also agree, but Gehlot is not likely to agree. Relations between Gehlot and Pilot have turned unusually sour. The Chief Minister of Rajasthan is believed to have told friends that he will not allow Pilot to become the Chief Minister as long as he is there! He was even prepared to flout the wishes of the Gandhi family and give up the offer of the party president's post, instead making way for Pilot in Jaipur. In such a situation, a ceasefire in Rajasthan is unlikely and will have its own consequences in the state. But the BJP is also divided and confused. As far as opposition unity is concerned, there were well-known personalities among the opposition leaders who reached Bangalore to express their solidarity with the Congress, but their numbers did not add up. Significantly, Mamata Banerjee did not turn up for the swearing-in ceremony, though she had sent someone from her party. Akhilesh Yadav had also not reached. Arvind Kejriwal was not invited. A beleaguered Kejriwal (whose powers have been taken away by the Supreme Court through an ordinance by the Center again) needs the support of the Congress and other opposition parties. But Kejriwal has not got that support from the opposition except for Nitish Kumar who has supported him. The victory of the Congress has raised hopes among the opposition parties. It showed that it is possible to defeat the BJP despite relentless campaigning by Modi and Shah. The BJP tried to give a Hindu twist to the election campaign by associating Bajrang Dal with Bajrang Bali, but none of it worked. However, the Karnataka victory has also made regional satraps worried whether the Congress will increase its power at their expense. Ultimately, the gains for the Congress in Karnataka came at the cost of the JD(S), as Muslim voters easily switched from the JD(S) to the Congress. The same thing is a matter of concern for Mamta, Akhilesh and Kejriwal as well. Alps in favor of opposition alliance This may force them to forge an alliance with the Congress to consolidate the majority vote. But this has to be clarified, because every party is now zealously guarding its base. So while Nitish Kumar is actively trying to build a national opposition front, it should not be seen in the general sense that it is these regional satraps who will join the Congress – or each other – in their respective states. The lesson from Karnataka for the Congress and the opposition parties is that strong local leadership is important and differences can be resolved with mature attitude and give-and-take.

## लव जिहाद! इंस्टाग्राम पर राहुल, असल में इमरान...नाबालिग लड़की को होटल लेकर पहुंचा तो पता चली सच्चाई





मुरादाबाद-एक गोपनीय सूचना मिलने पर हिंदू संगठन के लोगों ने इमरान उर्फ राहुल गुज्जर नाम के एक मुस्लिम युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। हिंदू संगठनों का आरोप है कि लड़का नाम बदलकर नाबालिग लड़की को अपने साथ होटल लेकर आया था। अलग समुदाय के होने के चलते होटल वालों ने कमरा देने से मना कर दिया। लड़के ने सोशल मीडिया पर फर्जी आईडी बनाई थी। वहीं एसएसपी हेमराज मीणा के मुताबिक, मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी युवक के खिलाफ छेड़छाड़ व पास्को एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। नाबालिग लड़की को उसके घरवालों के साथ घर भेज दिया है। दरअसल, पूरा मामला मुरादाबाद के कोतवाली सदर इलाके के बुध बाजार स्थित एक होटल का है, आरोप है एक युवक नाबालिग लड़की को लेकर होटल आया था, जहां होटल के कर्मचारियों ने होटल में कमरा देने से साफ़ मना कर दिया क्योंकि लड़की नाबालिक थी और दोनों ही अलग अलग समुदाय से थे। इसकी सूचना किसी ने बजरंग दल के नेता को दे दी, जिसके बाद मौके पर कई हिंदू संगठन के लोग पहुंचे और उन्होंने युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। सूचना पर लड़की के परिजन भी आ गए, जिसके बाद आरोपी पर केस दर्ज करवाया गया। जानकारी करने पर पता चला कि आरोपी लड़के ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर राहुल गुज्जर नाम से फर्जी आईडी बनाकर लड़की से दोस्ती की थी। लड़की अमरोहा की रहने वाली है, जबकि आरोपी युवक का नाम इमरान है और वह छजलैट का रहने वाला है। आरोपी ने बताया कि उसने इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया अकाउंट पर राहुल गुर्जर नाम से अपनी फर्जी आईडी बनाई हुई है।

हिंदू संगठन के पदाधिकारी का मीडिया से बातचीत करते हुए आरोप लगाया की लड़की नाबालिक है अमरोहा की है। 16 साल की है और लड़का छजलैट का है। आरोपी लड़कियों को पकड़ने वाले हिंदू संगठन के नेता ने बताया कि लड़का लड़की को राहुल गुर्जर नाम से इंस्टाग्राम पर मिला था जबकि इसकी सच्चाई लड़की को आज पता चली है कि यह लड़का तो इमरान है। वही हिंदू संगठन के लोगों ने जब लड़के का मोबाइल देखा था उसमें सैकड़ों अश्लील फोटो और वीडियो मौजूद हैं।

## ईपीसीएच की दुबई-यूएई के साथ मध्य पूर्व में एंट्री, तीन दिन तक संयुक्त अरब अमीरात में चलेगा आयोजन



मुरादाबाद-23 से 25 मई तक चलने वाले इंडेक्स फेयर दुबई की शुरुआत संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में हुई। इसमें हस्तशिल्प के लिए निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) इंडिया पवेलियन का उद्घाटन के कालीमुथु, कौंसुल भारत के महावाणिज्य दूतावास दुबई ने अन्य अतिथियों के साथ किया। कहा कि भारत के पास प्रतिष्ठित व्यापार मेले में वैश्विक खरीदारों के लिए कला और शिल्प की अपनी अद्वितीय विविधता, समृद्ध संस्कृति और परंपरा को प्रदर्शित करने का एक शानदार अवसर है। उन्होंने उद्घाटन के मौके पर भारतीय हस्तशिल्प को विश्व बाजारों में लाने और देश से हस्तशिल्प निर्यात को बढ़ावा देने के लिए परिषद के निरंतर प्रयासों की सराहना की। उन्होंने सदस्य प्रतिभागियों से बातचीत कर भविष्य में व्यापार प्रचार में हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक आरके वर्मा ने बताया कि परिषद ने देश के विभिन्न हिस्सों से 27 सदस्य निर्यातकों की सदस्य भागीदारी का आयोजन किया है। उद्घाटन अवसर पर राजेश जैन, को-ऑप्टेड मेंबर सीओए, नबील अहमद, प्रमुख सदस्य निर्यातक, राजेश रावत अतिरिक्त कार्यकारी निदेशक ईपीसीएच और अन्य सदस्य निर्यातक मौजूद रहे। ईपीसीएच के अध्यक्ष राजकुमार मल्होत्रा ने कहा कि परिषद नियमित रूप से इंडेक्स फेयर, दुबई, यूएई में प्रदर्शन करती आ रही है। इंडेक्स दुबई डिजाइन समुदाय के लिए मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका का सबसे बड़ा समूह है। ईपीसीएच ने वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से हस्तशिल्प निर्यातकों के लिए सूचकांक मेले में इस भागीदारी का आयोजन किया है। ईपीसीएच इंडिया पवेलियन में अंतराष्ट्रीय व्यापार आगंतुक भारत के हस्तशिल्प की सराहना कर रहे हैं। ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक ने कहा कि यूएई दुनिया के प्रमुख बाजारों में से एक है और इंडेक्स फेयर मध्य पूर्व में घर, जीवन शैली, कपड़ा और फर्नीचर निर्यात करने का विशाल अवसर देता है।

## मंडल में मुरादाबाद जिले के सर्वाधिक 35.63 फीसदी छात्र लाल घेरे में

मुरादाबाद-पांचों जिलों में कराई गई थी कक्षा दो से पांच के छात्रों की बौद्धिक परीक्षा, 16 मई को परीक्षा में शामिल हुए थे मंडल के 4,00,844 छात्र-छात्राएं मंडल के बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में कक्षा दो से पांच तक के बच्चों के बौद्धिक स्तर का आकलन करने के लिए मंडलायुक्त के निर्देश पर 16 मई को परीक्षा कराई गई थी। इसमें मुरादाबाद, रामपुर, सम्भल, बिजनौर और अमरोहा जिले के चार लाख 844 बच्चे शामिल हुए थे। इनका परिणाम मंगलवार को घोषित किया गया। इनमें सर्वाधिक मुरादाबाद जिले के 35.63 फीसदी बच्चे लाल घेरे में आए। सबसे बेहतर स्थिति सम्भल जिले की रही। यहां के सिर्फ 6.37 प्रतिशत बच्चे ही लाल श्रेणी में आए हैं। जिन्हें 50 प्रतिशत से कम अंक मिले। मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक, द्वादश मंडल ने मंगलवार शाम 16 मई को कराए गए बौद्धिक परीक्षा का परिणाम जारी किया। इसमें तीन श्रेणियों में प्राप्तांक घोषित किए गए। ग्रीन श्रेणी में 70 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले विद्यार्थी शामिल हैं। जबकि पीली श्रेणी मध्यम स्तर की 50-70 फीसदी प्राप्तांक वालों की है। जबकि सबसे निचली लाल श्रेणी है जिसमें आने वाले छात्र-छात्राओं के प्राप्तांक 50 प्रतिशत से कम हैं। परिणाम में ग्रीन श्रेणी में जिलों की स्थिति अमरोहा 37.53 प्रतिशत, बिजनौर 37.39, मुरादाबाद 31.97, रामपुर 39.02 और सम्भल जिले के छात्र-छात्राओं ने सर्वाधिक 60.62 प्रतिशत अंक ग्रीन श्रेणी में आकर हासिल किए हैं। पीली श्रेणी में अमरोहा के 42.08, बिजनौर के 35.55, मुरादाबाद के 32.40, रामपुर के 30.96 और सम्भल के 33.01 प्रतिशत छात्र छात्राएं आए हैं। जबकि सबसे कमजोर श्रेणी लाल निशान में आने वाले छात्रों में मुरादाबाद के सर्वाधिक 35.63 प्रतिशत विद्यार्थी हैं। इसके अलावा लाल श्रेणी में अमरोहा के 20.39, बिजनौर के 27.06, रामपुर के 30.02 और सम्भल जिले के सिर्फ 6.37 प्रतिशत छात्र छात्राएं लाल घेरे में हैं। मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक द्वादश मंडल बुद्ध प्रिय सिंह का कहना है कि भाषा, गणित और अन्य विषयों की बौद्धिक परीक्षा कराई गई थी। मुरादाबाद जिले की प्रगति चिंताजनक है। इसमें सुधार कराएंगे। अन्य जिलों में भी और बेहतर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए शिक्षाधिकारियों को निर्देश दिया जा रहा है। इसकी गंभीरता से मानीटरिंग की जाएगी।

## जुगाड़ वाहन व अवैध ई-रिक्शा के खिलाफ कार्रवाई, यातायात पुलिस ने चलाया अभियान



मुरादाबाद-महानगर की सड़कों पर दौड़ रहे जुगाड़ वाहन व अवैध ई-रिक्शाओं के खिलाफ संभागीय परिवहन विभाग और यातायात पुलिस द्वारा अभियान चलाया गया। जिसमें ऐसे वाहनों को को जब्त किया गया। बुधवार को संभागीय परिवहन विभाग और यातायात पुलिस द्वारा रेलवे स्टेशन के बाहर और संभल फाटक पर अवैध ई-रिक्शा और जुगाड़ वाहन की चेकिंग की गई। अभियान से आटो, ई-रिक्शा व अन्य वाहन चालकों में हड़कप मच गया। इस अभियान में 18 जुगाड़ वाहन और 22 अवैध ई-रिक्शा जब्त किए गए। इस मौके पर एआरटीओ प्रवर्तन आरके सिंह, एआरटीओ प्रवर्तन अनिल कुमार, एआरटीओ प्रवर्तन आनंद निर्मल, यातायात निरीक्षक ऋषिपाल, यातायात निरीक्षक अनुराधा व सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य कपिल रस्तोगी शामिल रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में उद्योग बंधु की बैठक सम्पन्न




मुरादाबाद - कलेक्टेªट सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो भी उद्यमियों की समस्याएं हैं उनका निस्तारण गुणवत्तापूर्ण व समय रहते करवाना सुनिश्चित करें। बैठक में काशीपुर तिराहे से जामा मस्जिद पुल तक अतिक्रमण के संबंध में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द अतिक्रमण को हटवाया जाये। कांठ रोड पर गोर ग्रेसियस पी0वी0आर0 सिनेमा पर स्थित स्पीड ब्रेकर बनाये जाने के संबंध में नगर निगम के संबंधित अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि इस कार्य को पूर्ण करा लिया गया है। दिल्ली रोड पर आकांक्षा मारुती शोरुम के बराबर में गड्डे भरवाये जाने के संबंध में नगर निगम के संबंधित अधिकारी ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि उक्त सड़क का आंगणन 114.50 लाख रु0 तैयार कर लिया गया है, धन उपलब्धता के आधार पर कार्य करा दिया जायेगा। लाकडी इण्डस्ट्रियल एरिया में पानी की टंकी से मार्डन एसेन्ट इंटरनेशनल तक सड़क को ठीक कराए जाने के संबंध में जिलाधिकारी ने नगर निगम के संबंधित अधिकारी को प्राथमिकता के आधार पर कार्य पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए। विद्युत विभाग द्वारा चैकिंग के नाम पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराने विषयक पर जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ कार्य करें तथा यह सुनिश्चित कर लें कि किसी का अनावश्यक रुप से उत्पीड़न न होने पाये। कांठ रोड और प्रेम पेट्रोल पम्प के पास खराब स्ट्रीट लाईटों के संबंध में नगर निगम के संबंधित अधिकारी ने अवगत कराया कि स्ट्रीट लाईटों को ठीक करवाकर प्रकाश व्यवस्था करा दी गयी है। बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित उद्यमियों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का गुणवत्ता पूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारण के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, ज्वाइंट कमिश्नर इण्डस्ट्रिज योगेश कुमार, नगर निगम, विद्युत, पुलिस, पीडब्ल्यूडी, स्वास्थ्य विभाग सहित संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण व उद्यमी उपस्थित रहे।

## इंस्टाग्राम पर बनाई युवती की फर्जी आईडी, पोस्ट किए अश्लील मैसेज...आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

मुरादाबाद- थाना मझोला पुलिस ने मझोला निवासी पीड़ित युवती की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस को दी गई तहरीर में पीड़ित युवती ने बताया कि आरोपी ने उसकी इंस्टाग्राम आईडी उसके ही नाम से बनाकर उस पर अश्लील मैसेज और फोटो पोस्ट कर दिए हैं। जिससे पीड़ित युवती को काफी मानसिक तनाव में है। मझोला पुलिस ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए मुकदमा दर्ज कर जांच थाने की साइबर क्राइम यूनिट को सौंप दी है। इतना ही नहीं आरोपी के खिलाफ गम्भीर धाराओं के साथ आईटी एक्ट के तहत भी मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

## मेलबर्न में अन्तर्राष्ट्रीय अधिवेशन को संबोधित करेंगे ललित मोहन



मुरादाबाद- रोटरी मण्डल 3100 से प्रथम बार अन्तर्राष्ट्रीय अधिवेशन को मेलबर्न में 30 मई को मंडल के पहले रोटेरियन के रूप में पूर्व मंडलाध्यक्ष ललित मोहन गुप्ता संबोधित करेंगे। वह रोटरी क्लब मुरादाबाद ईस्ट के रोटेरियन है। मेलबर्न में अन्तर्राष्ट्रीय सदस्यता विषय पर आयोजित हो रहे रोटरी अन्तर्राष्ट्रीय अधिवेशन में विश्व भर से लगभग 10000 रोटेरियन मौजूद रहेंगे। इस उपलब्धि पर मण्डल के रोटेरियन में हर्ष है। रोटरी मंडल के मंडलीय कार्यक्रम के सहायक मण्डलाध्यक्ष विवेक गोयल ने बताया कि ललित मोहन गुप्ता 26 मई को मेलबर्न अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन के लिए जाएंगे। वहां से वापस आने पर मंडल की संयुक्त सभा में अपने अनुभव साझा करेंगे।






## एक्सपोर्ट फैक्ट्री में लगी भीषण आग, फायर कर्मियों ने दो घंटे में पाया काबू



मुरादाबाद- बुधवार सुबह एक एक्सपोर्ट फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। हादसे में फैक्ट्री में रखा सामान जलकर राख हो गया। फायर कर्मियों को आग पर काबू पाने में करीब दो घंटे का वक्त लगा। फायर बिग्रेड की तीन गाड़ियों ने काबू पाया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी सुभाष चौधरी ने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए 15 से अधिक फायर कर्मियों को लगाया गया था। मौके पर जब पहुंचे तो भीषण रूप ले चुकी थी। आग पर दो घंटे में काबू पाया जा सका है। सीएफओ भी मौके पर मौजूद रहे। फायर स्टेशन को सुबह पांच बजे आग लगने की जानकारी मिली थी।

सीएफओ सुभाष चौधरी ने जानकारी दी है कि दिल्ली रोड पर स्थित हैंडीक्राफ्ट इंडस्ट्री अनन्या एक्सपोर्ट में आग लगने की सूचना मिलते ही तुरंत मौके पर फायर टेंडर रवाना किए गए थे। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।


### क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# यूपी के सभी मेडिकल संस्थानों में खुलेगा इमरजेंसी मेडिसिन विभाग, आदेश जारी



यूपी के सभी सरकारी मेडिकल कॉलेज व संस्थानों में इमरजेंसी मेडिसिन विभाग खोला जाएगा। इसे लेकर कोशिशें तेज हो गई हैं। इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है।सरकारी मेडिकल कॉलेज व संस्थानों में इमरजेंसी मेडिसिन विभाग खोलने की कवायद तेज हो गई है। राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग ( एनएमसी ) ने सभी मेडिकल विश्वविद्यालय, कॉलेज और शैक्षिक संस्थानों में इमरजेंसी मेडिसिन विभाग को अनिवार्य कर दिया है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने चिकित्सा शिक्षा विभाग सभी मेडिकल संस्थानों में विभाग की स्थापना को मंजूरी प्रदान कर दी है। इसका आदेश चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव ने जारी कर दिया है।यूपी के सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं। मेडिकल विश्वविद्यालय और संस्थानों में इमरजेंसी सेवाएं चल रही हैं। मरीजों को और बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के लिए एनएमसी ने इमरजेंसी मेडिसिन विभाग की स्थापना के निर्देश दिये। इसके बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने सभी मेडिकल कॉलेज व संस्थानों में इमरजेंसी मेडिसिन विभाग खोलने की कवायद तेज कर दी है। डिप्टी सीएम के निर्देश पर प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने 23 मई को आदेश जारी कर दिया है।

### जल्द मिलेगा सटीक इलाज

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि इमरजेंसी सेवाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में कदम उठाये जा रहे हैं। केजीएमयू, लोहिया संस्थान समेत अन्य शैक्षिक संस्थानों में इमरजेंसी मेडिसिन विभाग संचालित हो रहा है। नए मेडिकल कॉलेजों में विभाग की स्थापना के प्रयास किए जा रहे हैं। इमरजेंसी की दशा में सबसे पहले मरीज इसी विभाग में आएंगे। यहां विशेषज्ञ डॉक्टर रोगियों के लक्षणों के आधार पर मर्ज की पहचान करेंगे। इलाज की दिशा तय करेंगे।

### हर जिले में मजबूत होगी इलाज की व्यवस्था

डिप्टी सीएम ने कहा कि सभी मेडिकल संस्थानों में इमरजेंसी मेडिसिन विभाग बनने से गंभीर रोगियों को बड़े अस्पतालों तक दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। इससे बड़े अस्पतालों में मरीजों का दबाव कम होगा। गंभीर मरीजों को आसानी से इलाज मिल सकेगा। मेडिकल छात्र क्लीनिकल ज्ञान भी हासिल कर सकेंगे।

# पीएम मोदी ने ऑस्ट्रेलिया में की लखनऊ की चाट की तारीफ, चाट विक्रेता बोले- गर्व की बात



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर लखनऊ की चाट की तारीफ की है। ये सुनकर चाट प्रेमी गदगद हो गए। वहीं, चाट विक्रेता बोले, जब दुनिया में इतना नाम हो रहा है तो दोगुनी मेहनत करेंगे।ऑस्ट्रेलिया पहुंच कर भी प्रधानमंत्री मोदी लखनऊ की चाट का जायका नहीं भूले। मंगलवार को सिडनी के कुडोस बैंक एरिना स्टेडियम में उन्होंने वहां रह रहे भारतीयों से आग्रह किया कि आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज को लखनऊ की चाट का स्वाद चखाएं। मैंने सुना है कि सिडनी में लखनऊ नाम की जगह है, लेकिन मुझे ये नहीं पता है कि वहां लखनऊ जैसी चाट मिलती है या नहीं। उनके इस भाषण से लखनऊ के चाटप्रेमी गदगद हैं।रॉयल कैफे के ओनर संदीप आहूजा कहते हैं कि प्रधानमंत्री अगर लखनऊ की चाट की तारीफ कर रहे हैं, यह हमारे लिए गर्व की बात है। हमारी जिम्मेदारी है कि अब हम क्वालिटी पर दोगुनी मेहनत करें ताकि प्रधानमंत्री का भरोसा बना रहे। वहीं, मधुरिमा स्वीट्स के मनीष गुप्ता बताते हैं कि शहर आने वाले देशी-विदेशी मेहमान यहां आकर जायके तलाशते हैं, जिसमें चाट सबसे मशहूर है। देश-विदेश की कई हस्तियां यहां चाट खाने आ चुकी हैं। ऐसा कुछ रामनारायण तिवारी चाट भंडार के प्रखर तिवारी भी कहते हैं। बताया कि चूंकि पिछली तीन पीढ़ियों से हमलोग इस कारोबार में हैं तो पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी, अमिताभ बच्चन समेत कई मशहूर लोग चाट का लुत्फ ले चुके हैं। लखनऊ चाट किंग के नाम पर मशहूर हरदयाल मौर्या के मुताबिक चूंकि प्रधानमंत्री इतनी तारीफ कर रहे हैं तो उन्होंने जरूर चाट का स्वाद लिया होगा। कब और कहां खाई, इस बारे में कुछ कहना उचित नहीं होगा।

### यूं बसा ऑस्ट्रेलिया में लखनऊ

ऑस्ट्रेलिया में लखनऊ नाम का शहर बसने के बारे में तमाम कहानियां हैं। पर, ऑरेंज एंड डिस्ट्रिक्ट हिस्टोरिकल सोसायटी के मुताबिक वर्ष 1857 की क्रांति के दौरान एक खनन कंपनी के क्लर्क मिस्टर रे लखनऊ की घेराबंदी के दौरान घायल हो गए थे। बाद में वे ऑस्ट्रेलिया जाकर बस गए। जहां उस जगह को लखनऊ नाम दिया।

### प्रधानमंत्री ने ऑस्ट्रेलिया में भारतीयों से यह कहा-

मैंने सुना है कि यहां हैरिस पार्क है, जहां जयपुर स्वीट्स की दुकान है, जहां जलेबी, चाट खूब मिलता है... उन्होंने भारतीयों से आग्रह किया कि भारतीय स्वाद को उनके मित्र अल्बानीज को भी चखाइए ...इन्हें भी वहां ले जाइए. उन्होंने यह भी कहा कि मैंने सुना है कि सिडनी में लखनऊ नाम की जगह है लेकिन मुझे ये नहीं पता है कि वहां भी लखनऊ जैसी चाट मिलती है या नहीं।

### दुनिया के किन-किन देशों में है लखनऊ

स्कॉटलैंड के एंगस में लखनऊ नाम का एक इलाका है। इसी तरह ऑस्ट्रेलिया के सिडनी के साथ ही विक्टोरिया और न्यू साउथ वेल्स में भी लखनऊ के नाम से स्थान है। वहीं, कनाडा के ओंटारियो में एक इलाका है,

जिसका नाम लखनऊ ब्रूस काउंटी है। इतना ही नहीं, अमेरिका के पेंसिल्वेनिया में लखनऊ नामक एक स्थान है।

# राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र मे लगी आग,बहुमूल्य पेड़ जलकर हो रहे खाख





रामचंद्र जायसवाल
क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-बिहारपुर. गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान पार्क महुली परिक्षेत्र में आग कई दिनों से लगी हुई है. मध्यप्रदेश से लगे सीमा से लगे जंगल में भीषण आग लगातार फैलते जा रहा है जिससे बहुमूल्य पेड़ पौधे तो जलकर खाख हो रहे है तो वही जंगली जानवर आबादी क्षेत्र की ओर आने लगे है.मध्यप्रदेश सीमा से लगे मकरादूवारी के पास आग ने विकराल स्वरूप दिया.वन संपदा की भारी बर्बादी देखी जा रही है तो वही जिम्मेदार अफसर नाकाम है कई दिनों से जंगल में भीषण आग लगी हुई है. वन जीव गावों की तरफ आ रहे हैं. जंगल के पास के रहने वाले ग्रामीण परेशान है आग का धुआं चारो ओर फैल गया है. जंगल में चारों ओर आग की लपटें और धुएं से लोग परेशान हैं.

### हाई टेक टेक्नजी फेल

जंगल मे आग लगने और समय रहते बुझाने की दावा अधिकारी आये दिन करते रहते है यहाँ तक कि नई टेक्नजी सेटे लाइट का जिक्र भी करते रहते है. लेकिन जमीनी हकीकत अधिकारियों के दावों के विपरीत है.साधन सुविधा संपन्नता रहते हुए विभाग जंगल मे लगी आग को बुझाने में नाकाम है. बहरहाल घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के रेंजर ललित साय पैकरा ने बताया कि वे अभी रायपुर में है आग बुझाने के लिए फायर वाचर भेजने की बात कही है.

# महापौर और पार्षद 27 मई और नगर पालिका-पंचायतों में 26 मई को दिलाई जाएगी शपथ, तैयारियां शुरू

महापौर एवं पार्षदों को 27 मई को कृष्णांजलि नाट्यशाला में नगर आयुक्त द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी। जनपद की दोनों नगर पालिकाओं एवं समस्त नगर पंचायतों में 26 मई को नव निर्वाचति अध्यक्ष एवं सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने नव निर्वाचित महापौर, पार्षद, नगर पालिका एवं नगर पंचायत अध्यक्ष व समस्त सभासदों को शपथ ग्रहण कराए जाने के लिए तिथि निर्धारित करते हुए नोडल अधिकारियों को नामित कर दिया है। 26 व 27 मई को शपथ दिलाई जाएंगी।

डीएम इंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में महापौर एवं पार्षदों को 27 मई को कृष्णांजलि नाट्यशाला में नगर आयुक्त द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी।

जनपद की दोनों नगर पालिकाओं एवं समस्त नगर पंचायतों में 26 मई को नव निर्वाचति अध्यक्ष एवं सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी।

नगर पालिका परिषद खैर एवं नगर पंचायत जट्टारी में नगर पालिका व नगर पंचायत अध्यक्ष एवं समस्त सभासदों को शपथ दिलाए जाने के लिए एसडीएम खैर, पालिका परिषद अतरौली एवं नगर पंचायत छर्रा में नगर पालिका व नगर पंचायत अध्यक्ष एवं समस्त सभासदों को शपथ दिलाए जाने के लिए एसडीएम अतरौली, नगर पंचायत इगलास एवं बेसवां के लिए एसडीएम इगलास शपथ दिलाएंगे। नगर पंचायत पिलखना एवं कौड़ियागंज के लिए एसडीएम कोल, नगर पंचायत हरदुआगंज एवं जलाली के लिए अपर उप जिलाधिकारी कोल, नगर पंचायत विजयगढ़ एवं मडराक के लिए एसीएम प्रथम, नगर पंचायत जवां सिकन्दरपुर एवं पिसावा के लिए एसीएम द्वितीय, नगर पंचायत चण्डौस एवं गभाना के लिए एसडीएम गभाना एवं नगर पचांयत बरौली में अपर उप जिलाधिकारी गभाना को शपथ दिलाए जाने के लिए नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

# तेंदुपत्ता तोड़ने गई महिला की हुई मौत



रामचंद्र जायसवाल
क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-बिहारपुर-वन परिक्षेत्र बिहारपुर के मोहरसोप में तेदु पत्ता तोडने गई महिला की मौत हो गई है. महिला कोल्हुआ की रहने वाली जयवती साहु 43 वर्ष गांव में तेदु पत्ता की तुडाई बंद हो जाने पर वह अपने मायके मोहरसोप गई हुई थी. वहा पहाड पर तेंदु पता की तोड़ने का काम चल रहा था तो वह भी शामिल हो गई. पहाड़ में तेंदू पत्ता तोड़ते समय अनियंत्रित होकर नीचे गिर गई, सर में लगी चोट से उसकी मौके पर ही मौत हो गई.वहा मौजूद परिजनो ने पुलिस को सुचना देकर मोहरसोप अस्पताल ले गये जहा पर पंचनामा के बाद शव का पीएम कराकर परिजनो को सौप दिया है

# धनीपुर के दोनों ट्रांसफार्मरों की विद्युत क्षमता बढ़ाई जाए आए-राकेश



लवकुश ठाकुर
क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ - भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष महानगर भाजपा सेक्टर प्रभारी सिधौली ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहां है कि धनीपुर के दोनों ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाई जाए आए दिन ट्रांसफार्मर विद्युत तार उड़ा रहे हैं एक-दो दिन चलते हैं फिर विद्युत तार उड़ा देते हैं गर्मी का तापमान कनेक्शन अधिक हो चुके हैं इसलिए धनीपुर के दोनों ट्रांसफार्मर काम नहीं कर रहे हैं भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि बिजली विभाग के अधिकारी धनीपुर की जनता की बिजली की गंभीर समस्याओं को गंभीरता से लेकर ट्रांसफार्मर उनकी क्षमता बढ़ाएं ढाई सौ केवीए के ट्रांसफार्मर की जगह पर 500 केवीए ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराएं तभी धनीपुर क्षेत्र की जनता को सही तरह से बिजली मिलना संभव हो सकेगी भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने यह भी कहा है कि धनीपुर में विद्युत तारों की व्यवस्था काफी खराब है विद्युत तार काफी नीचे तक आ गए हैं कोई भी अनहोनी घटना हो सकती है बिजली विभाग के अधिकारी इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल धनीपुर की विद्युत व्यवस्था पर ध्यान दें कोई भी गंभीर हादसा होता है इसकी जिम्मेदारी किसकी होगी विद्युत विभाग के अधिकारी बताएं इस संबंध में एक पत्र माननीय ऊर्जा मंत्री उत्तर प्रदेश एक पत्र ऊर्जा सचिव उत्तर प्रदेश तीसरा पत्र एमडी आगरा और चौथा पत्र अलीगढ़ अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग को लिखा जाएगा

# जीने के लिए क्या-क्या न किया, पर जी न सका, कर्ज में डूबे युवक न फंदे पर लटक कर की आत्महत्या

लवकुश ठाकुर-क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ - अलीगढ़ महानगर के महुआखेड़ा क्षेत्र की कुलदीप विहार कालोनी में किराये के मकान में रहने वाले आटा चक्की संचालक ने फंदे पर झूलकर आत्महत्या कर ली। उसके द्वारा यह कदम उठाए जाने के मूल में व्यापार में मंदा और कर्ज में डूबना बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार को सौंप दिया और परिवार में कोहराम मचा हुआ है। कुलदीप विहार में किराये के मकान में रहने वाले 28 वर्षीय कैलाश के माता-पिता बगल में ही सर्वोदय विला में रहते हैं। कैलाश अपनी पत्नी पिंकी के साथ किराये पर रहता था। सोमवार शाम पिंकी किसी काम से बेटी को लेकर मायके गई थी। देर शाम जब लौटी तो अंदर से दरवाजा बंद था। काफी प्रयास के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला तो दूसरे मकान के रास्ते से छत पर पहुंची। वहां से अंदर झांककर देखने पर पता चला कि कैलाश का शव फंदे पर लटका हुआ है। इस पर तत्काल पुलिस व अन्य परिजनों को बुलाया गया। कैलाश को पास के ही नर्सिंग होम में ले जाया गया। मगर उसे मृत घोषित कर दिया गया। इस पर पुलिस ने मंगलवार को शव पोस्टमार्टम के बाद परिवार को सौंप दिया। इधर, कैलाश के परिवार के अनुसार लॉक डाउन के पहले तक कैलाश ने फाइनेंस पर छोटे-चार पहिया वाहन लेकर स्कूलों में लगा दिए थे। बच्चों को लाने-ले जाने का काम करता था। लॉकडाउन में काम बंद होने पर फाइनेंस के चलते वाहन जब्त कर लिए गए। बाद में उसने 1.20 लाख रुपये की लॉटरी उठाई थी। उक्त लॉटरी को भी बाद में वह भर नहीं पाया। इस पर लॉटरी संचालक लगातार उसे परेशान कर रहा था। इसी बीच उसने कुछ प्रयास कर आटा चक्की खोल ली। वहां से भी अभी उबर नहीं पा रहा था। मगर लॉटरी संचालक उस पर सात लाख रुपये तगादा बनाकर दबाव बना रहा था। इसी के चलते उसने आत्महत्या कर ली। बताया गया है कि कैलाश का पहली पत्नी से संतान न होने पर तलाक हुआ था। इसके बाद उसने दूसरी शादी की थी। दूसरी पत्नी से भी संतान न होने पर उसने छह माह पहले बेटी गोद ली थी। इंस्पेक्टर महुआखेड़ा विजय सिंह के अनुसार मामले में कर्ज के चलते आत्महत्या की बात परिवार की तरफ से आई है। बाकी जो तहरीर मिलेगी, उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# आंधी तुफान से किसान कुटिया के छप्पर उड़े



क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- बिहारपुर. चांदनी बिहारपुर क्षेत्र मे मौसम में अचानक बदलाव के बाद आंधी तूफान से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया.नवगई घान खरीदी केन्द्र में किसानों के लिए बनाए किसान कुटिया में लगे टीन की छप्पर उड़ कर दूर जा गिरी. नवगई ग्राम सहित आसपास गांव के कई ग्रामीणों के घर ध्वस्त हो गए.

ऐसे समय में बेबस परिवार में इनकी समस्या का त्वरित समाधान के लिए प्रशासन से सहयोग एवं अपेक्षा की गुहार लगा रहे हैं.

# पति ने लगाई पत्नी के नाजुक अंग पर ,रंग निखारने वाली क्रीम, झुलसी

लवकुश ठाकुर-क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ - थाना रोरावर में महिला ने मुकदमा दर्ज कराया है कि उसके पति ने उसके नाजुक अंग पर त्वचा निखारने वाली क्रीम लगा दी, जिससे उसका नाजुक अंग झुलस गया और चीखने लगी तो पति ने उसे जाने से माने की धमकी दी। महिला कहना था है कि कुछ समय पहले ही उनकी शादी हुई है। ज बवह रात में सो रही थी। उसी समय उसके पति ने चुपके से उसके नाजुक अंग पर क्रीम लगा दी। इस पर उसका अंग झुलस गया। उसने विरोध करते हुए क्रीम लगाने का कारण पूछा तो कहने लगा कि अंग निखारने की क्रीम है। विरोध करने पर उसकी पिटाई भी कर दी। पत्नी क्रीम की पीड़ा से चीखते हुए थाने पहुंची और पति के खिलाफ रिपोर्ट लिखायी। इस मामले में सीओ प्रथम ने मुकदमे की पुष्टि की

# गांव नगला मनी में खाटूश्याम भजन संध्या में झूमे श्रद्धालु....

क्यूँ न लिखूँ सच



**राजू आर्य बने मुख्य अतिथि, वरिष्ठ पत्रकार विशनपाल चौहान भी रहे उपस्थित**

एटा-युवा कट्टर हिंदूवादी किसान नेता नेता आर्य ने भजन संध्या का दीप प्रज्वलित कर किया उद्घाटन, सुनील यादव ( मां जानकी ज्वैलर्स ) एवं रितेश यादव ( मां जानकी क्लीनिक ) तत्वाधान में निधौली कलां क्षेत्र के गांव नगला मनी में मंगलवार को शाम खाटू श्याम भजन संध्या का आयोजन किया गया। इसमें हिंदूवादी किसान नेता रंजीत कुमार उर्फ राजू आर्य भी उपस्थित रहे जिन्होंने कार्यक्रम में पहुंचकर फीता काटा जिसके उपरांत खाटूश्याम भजन संध्या का शुभारंभ किया गया। भजन संध्या की शुरूआत रात्रि 8 बजे श्याम आरती के बाद हुई। भजन संध्या में आगरा से आईं अदिति पाराशर ने अपने भजनों से समा बंध दिया। खाटू श्याम भजन संध्या में सज्जाकारों ने खाटू श्याम का अलौकिक दरबार सजाया। दरबार में श्याम प्रेमियों को अपने लाड़ले बाबा श्याम के साक्षात दर्शन की अनुभूति हो रही थी। कलाकारों ने भोर की लालिमा तक बाबा श्याम के शानदार भजनों की प्रस्तुति देकर श्याम प्रेमियों को रसपान कराया। इस अवसर पर संयोजक किशू यादव, राजू यादव, सुनील यादव, राहुल यादव, शीलू यादव, पंकज यादव, शिवा सम्राट, सूरज, अजय, विपिन कुमार प्रधान प्रदेश सचिव, सत्येंद्र नेताजी, प्रधान मनोज यादव ,कौशल यादव, श्याम बाबू यादव, राजवीर सिंह यादव, राहुल यादव, रामकुमार यादव, प्रवीण यादव, प्रधान पुत्तू यादव, बबलू यादव रजपुरा, मनोज कुमार, निमेष यादव, शिवम यादव, नीरज यादव, संदीप यादव अखिलेश यादव कोयला, रंग पाल सिंह, राजेश यादव, मोनू ठाकुर, सुनील कश्यप, पुष्पेंद्र यादव, राजकुमार सिंह, विनय यादव, योगेंद्र यादव, बबलू यादव, गजेंद्र सिंह, कौशलेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के लो उपस्थित रहे।

# अलीगढ़ में होटल में चल रहे सेक्स रैकेट का खुलासा:5 युवतियां, 4 लड़कों को पुलिस ने आपत्तिजनक हालत में पकड़ा

लवकुश ठाकुर
क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ -पुलिस ने देह व्यापार में शामिल महिला आरोपियों का मेडिकल कराकर उनके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की है। अलीगढ़ में होटल में चल रहे सेक्स रैकेट का पुलिस ने खुलासा किया है।पुलिस और प्रशासन की टीम ने कोतवाली और महुआखेड़ा थाना क्षेत्र में होटल और लॉज में छापेमारी की। जहां से पुलिस ने 5 युवतियां और 4 युवकों को गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों का मेडिकल कराया और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज किया। पुलिस की जांच में सामने आया है कि होटल और लॉज में काफी लबें समय से देह व्यापार का धंधा चल रहा था।

## महुआखेड़ा और कोतवाली में दी गई दबिश

प्रशासन को लगातार शहर में देह व्यापार के कारोबार की सूचना मिल रही थी। जिसके बाद पुलिस और प्रशासन की टीमों ने पूरी रणनीति के साथ कार्रवाई की। अधिकारियों ने महुआखेड़ा थाना क्षेत्र के जीटी रोड स्थित एक परी होटल ( ओयो ) में कार्रवाई की। यहां आरोपी प्रवीण कुमार और एक सेक्स वर्कर को पकड़ा गया है। इनके पास से आपत्ति जनक सामग्री बरामद हुई है। जिसके बाद इनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों से पूछताछ में इन्होंने कोतवाली क्षेत्र में चल रहे देह व्यापार की जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस ने तत्काल एक्शन लेते हुए कोतवाली थाना क्षेत्र के भुजपुरा स्थित टाइगर लॉज में छापेमारी की। यहां पुलिस ने मौके से तीन पुरुषों और चार महिलाओं को आपत्तिजनक स्थिति में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अब्दुल रज्जाक पुत्र मो. कल्लन, मेहदी हसन पुत्र सौहराव अली, प्रशांत शर्मा पुत्र पंकज शर्मा और चार महिला आरोपी शामिल हैं।

## कार्रवाई के दौरान टीम में ये लोग रहे शामिल

कोतवाली क्षेत्र में एसडीएम कोल रवि शंकर सिंह, सीओ प्रथम अभय कुमार पांडेय, इंस्पेक्टर कोतवाली रामवकील सिंह, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के प्रभारी अब्दुल काद तायल, वहीं महुआखेड़ा क्षेत्र में चल रहे देह व्यापार के ठिकानों पर छापामार कर, कार्रवाई की और आरोपियों को गिरफ्तार किया

# प्रेमिका से मिलने गया प्रेमी जमकर की पिटाई प्रेमिका के परिजनों ने एक बच्चे की मां बताई जा रही है

लवकुश ठाकुर
क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ़ - कहते हैं प्यार अंधा होता है यही एक पूरी घटना एक थाना छेत्र की बताई जा रही है प्रेमी से मिलने आई प्रेमिका दोनों की जमकर की धुनाई 6 लोग गंभीर रूप से घायल पूरा मामला थाना गांधी पार्क क्षेत्र के एक गांव का है

जब प्रेमी से मिलने पहुंची प्रेमिका गांव वालों ने मिलते हुए देखा तो गांव वालों ने दोनों लोग पकड़ लिए दोनों की जमकर धुनाई की और पुलिस के हवाले कर दिया गांव में जब दो पक्ष आमने-सामने आ गए तो जमकर पथराव हुआ पथराव में तीन तीन लोग दोनों तरफ से घायल हो गए मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल के लिए भेजा वही बताया गया 3 साल से लड़के से प्रेम प्रसंग चल रहा था यह भी बताया गया 2 दिन पूर्व लड़के की शादी होकर आयी थी पत्नी सुहागरात के इंतजार में पति मनाना था प्रेमिका के संग रंगोलियां

# दीपक कुमार द्वारा एटा का वार्षिक निरीक्षण किया गया

क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-पुलिस उपमहानिरीक्षक, अलीगढ परिक्षेत्र, अलीगढ श्री दीपक कुमार द्वारा आज दिनाँक 24.05.2023 को जनपद एटा का वार्षिक निरीक्षण किया गया। उपमहानिरीक्षक द्वारा पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में परेड का निरीक्षण कर सलामी ली गई पुलिस लाईन परेड में सलामी के उपरांत पुलिस लाइन का भ्रमण/निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस लाइन्स परिसर में बने क्वार्टर गार्द, एम0टी0 अनुभाग, पुलिस चिकित्सालय, भोजनालय, आर0ओ0 प्लांट एवं बैरिकों आदि का भ्रमण किया गया, जिसमें भोजनालय के निरीक्षण के दौरान साफ सफाई एवं भोजन उच्चकोटि का पाए जाने पर संबंधित की सराहना की। पुलिस लाईन परिसर में साफ-सफाई अच्छी पायी गयी। बैरिकों में साफ-सफाई पर और ध्यान देने तथा पुलिस लाईन के अनुशासन रजिस्टर, निलम्बन रजिस्टर को अध्यावधिक रखने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त पुलिस लाईन की मैगजीन में उपलब्ध कारतूसों व खोखा कारतूसों का भौतिक सत्यापन करवाने के निर्देश भी दिए गए। तदोपरांत पुलिस कार्यालय एटा पहुँचकर पत्र व्यवहार शाखा, आंकिक शाखा, विशेष जाँच प्रकोष्ठ, महिला सहायता प्रकोष्ठ, डीसीआरबी का निरीक्षण किया गया। पुलिस कार्यालय की साफ-सफाई एवं पूरे प्रशासनिक भवन/परिसर का रखरखाव उच्चकोटि का पाया गया। पत्र व्यवहार शाखा एवं आंकिक शाखा में नियुक्त लिपिकों के कार्यों का निकटता से पर्यवेक्षण करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके उपरांत जनपद के जनप्रतिनिधियों तथा संभ्रांत व्यक्तियों के साथ गोष्ठी की गई, जिसके बाद इलेक्ट्रॉनिक/प्रिंट मीडिया कर्मी के साथ गोष्ठी के करते हुए पुलिस लाइन्स में समस्त राजपत्रित अधिकारी/थाना प्रभारी एवं शाखा प्रभारियों के साथ अपराध गोष्ठी/अपराध समीक्षा बैठक की गयी।

समीक्षा के दौरान समस्त अधिकारी कर्मचारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए गए। निरोधात्मक कार्यवाही के अन्तर्गत गुण्डा एक्ट, गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही पर बल दिया गया तथा क्षेत्राधिकारी/थाना प्रभारियों को उनके सर्किल/थाना क्षेत्र के महत्वपूर्ण अपराधियों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के मामलों में प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापरक विधिक निस्तारण करने हेतु कड़े निर्देश दिए गए। महिलाओं/छोटे बच्चों, पीड़ित/गरीब व्यक्ति सम्बन्धी मामलों में त्वरित कार्यवाही करने, जाति/धर्म के आधार पर कार्यवाही न करने, अवैध शराब, नकली शराब बनाने वालों पर सख्त कार्यवाही किए जाने की हिदायत दी गयी, उपस्थित अधिकारियों को अपनी तीन प्राथमिकताओं (1) घटनास्थल पर थानाध्यक्ष तत्काल पहुंचें (2) वादी से दुर्व्यवहार कदापि न करें (3) थानाध्यक्ष का व्यक्तिगत आचरण उच्चकोटि का हो से अवगत कराते हुए निर्देशित किया गया कि इन तीनों बिन्दुओं पर यदि कोई शिकायत प्राप्त हुयी तो उसे गम्भीरता से लेते हुए कड़ी कार्यवाही की जायेगी। यह तीनों बिन्दु अच्छी पुलिसिंग के सबसे महत्वपूर्ण बिन्दू है। पुलिसिंग संबंधी प्राथमिकताओं के बारे में स्पष्ट करते हुए निर्देशित किया गया कि धारा 363/366 भादंवि के अपराधों की विवेचना थानाप्रभारी स्वयं करें तथा अपहृता की बरामदगी तत्काल सुनिश्चित करें, अनावश्यक रूप से विवेचनाओं को लम्बित न रखें- 72 घण्टे के अन्दर यह निर्णय लेकर कि घटना सत्य है अथवा असत्य है, तदनुसार विवेचनात्मक कार्यवाही कर त्वरित निस्तारण करें, वास्तविक रूप से सक्रिय अपराधियों को चिन्हित कर, उन्हें सक्रिय अपराधियों की सूची पर लाकर उनकी निगरानी करें। थानों पर लम्बित मालों के शत-प्रतिशत निस्तारण हेतु विशेष अभियान चलवाकर मा0 न्यायालय से निस्तारित अभियोगों का पर्चा फैसला निकलवाकर उसके आधार पर मालों का नियमानुसार निस्तारण तथा मालखानों के डिजीटलाइजेशन कराने के निर्देश दिए गए। अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण के दृष्टिगत रात्रि की अपेक्षा दिन में दबिश का आयोजन करना तथा जामीनान की थाने पर माह में एक बार उपस्थिति अनिवार्य करने का सुझाव भी थाना प्रभारियों को दिया गया। गोष्ठी के अन्त में समस्त थानाप्रभारियों को गैर प्रान्त की/अवैध शराब की बिक्री पर तथा जुआ-सट्टा पर रोक लगाने की कड़ी हिदायत देते हुए स्पष्ट किया गया कि इन अवैध धंधों का किसी थाना क्षेत्र में होना पाये जाने को अत्यंत गम्भीरता से लिया जायेगा और थानाप्रभारी के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। थाना रिजोर तथा थाना अवागढ़ पर पहुंचकर, थाने का निरीक्षण किया गया। थाने के निरीक्षण के दौरान थाने की साफ सफाई एवं कम्पयूटर उपकरणों के रखरखाव/ संचालन का कार्य संतोषजनक पाया गया। थाना के भोजनालय में साफ सफाई उच्चकोटि की पाई गयी। थाने पर लम्बित मामलों, लम्बित विवेचनाओं के त्वरित निस्तारण तथा अभिलेखों को अध्यावधिक रखने हेतु थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया। तदोपरांत पुलिस उपमहानिरीक्षक अलीगढ परिक्षेत्र, अलीगढ द्वारा जनपद एटा से जनपद अलीगढ़ हेतु प्रस्थान किया गया।

# किशोर को निर्वस्त्र कर घुमाया, गुदाद्वार में डाली चाभी, आरोपी महिला को किया गिरफ्तार

लवकुश ठाकुर
क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ - इगलास कस्बे के एक मोहल्ले में एक किशोर को निर्वस्त्र करने के बाद गले में जूतों की माला पहनाई गई। इसके बाद उसी हालत में किशोर को मोहल्ले में घुमाया गया। आरोप है कि किशोर के गुदाद्वार में चाभी भी डाली गई। पीड़ित के बहन की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी महिला के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट की धारा में रिपोर्ट दर्ज किया है। आरोपी महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इगलास में कोतवाली के समीप एक मोहल्ले की यह घटना है। यहां की निवासी एक युवती के अनुसार उसके 13 वर्षीय भाई की मोहल्ले की निवासी रामश्री से किसी बात पर कहासुनी हो गई थी। इस पर उस महिला ने उनके भाई को पकड़ लिया। उसे पहले निर्वस्त्र किया। इसके बाद गले में जूतों की माला पहनाकर बेइज्जत किया। इतने से भी आरोपी महिला का मन नहीं भरा, तो उसने किशोर के गुप्तांग में चाभी भी डाली। इस दौरान तमाम लोग तमाशे की तरह इसे देखते रहे। कोतवाल प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि घटना 21 मई की हबूड़ा समाज की बस्ती की है। पीड़ित किशोर की बहन की तहरीर पर आरोपी महिला रामश्री के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

KNLS Live
सम्पर्क करे-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999' में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में

# दुष्कर्म की घटना में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार



क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- थाना? नयागांव पुलिस को मिली सफलता, थाना नयागांव पुलिस द्वारा दुष्कर्म की घटना में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना नयागांव पुलिस द्वारा दुष्कर्म की घटना में थाना नयागांव पर पंजीकृत मुअसं-48/2023 धारा 452,376,323,504,506 भादवि में वान्छित चल रहे अभियुक्त को बिथरा भट्टा के पास से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की

# हादसों का अड्डा बना एटा का जवाहर तापीय परियोजना प्लांट




क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- पूर्व की घटनाओं से नहीं चेते जिम्मेदार, मजदूरों की सुरक्षा भगवान भरोसे, पूर्व की सपा सरकार द्वारा जनपद को बतौर सौगात दी गयी जवाहर तापीय परियोजना भले भविष्य के लिये लाभकारी साबित हो, लेकिन लम्बे समय से निर्माणधीन यह पावर प्लांट वर्तमान में हादसों का अड्डा बन कर रह गया हैं । यहाँ एक के बाद एक हादसों का क्रम बना हुआ हैं बाबजूद जिम्मेदार मजदूरों की सुरक्षा के प्रति नहीं चेत रहे कारण क्या हैं यह तो स्पष्ट नहीं कहा जा सकता मगर यहाँ होने बाले हादसों से ऐसा प्रतीत होता कि व्यवस्थाओं में बड़ी चूक चल रही हैं नतीजा यहाँ मजदूरी करते मजदूरों की सुरक्षा जैसे जिम्मेदारों ने भगवान भरोसे छोड़ रखी हैं ।

# थाना निधौली कलाँ पुलिस ने एक अभियुक्त को अवैध असलहा कारतूस सहित किया गया गिरफ्तार



क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक एटा के निर्देशन में अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना निधौली कलाँ पुलिस द्वारा अभियुक्त सुनील कुमार पुत्र मोहर पाल सिंह निवासी मील गढी थाना निधौली कलाँ एटा को एक अवैध तमन्चा व 02 जिन्दा कारतूस ( 315 बोर ) सहित गिरफ्तार किया गया है।

# तहसीलदार सदर आज अर्राह पहाड़पुर सब्जी मंडी के निकट माफिया अनुपम दुबे गिरोह की करीब 70 करोड़ रुपये कीमती जमीन कुर्क

हारुन
क्यूँ न लिखूँ सच



तहसीलदार श्रद्धा पांडे कानूनगो अशोक त्रिपाठी आदि अनेकों राजस्व कर्मचारियों व थाना मऊ दरवाजा पुलिस के साथ आज सुबह 10 बजे ग्राम अर्राह पहाड़पुर पहुंची.राजस्व कर्मियों ने जमीन की पैमाइश की खानापूर्ति की तहसीलदार श्रद्धा पांडे ने मीडिया को बताया कि ग्राम अर्राह पहाड़पुर गाटा संख्या 926 927 929 997 1001 1002 व 1004 कुल सात नंबरों की 4.30 181 एकड जमीन कुर्क कर राज्य सरकार के अधीन कर दी गई अब इस जमीन पर कोई कब्जा नहीं करेगा और ना ही कोई निर्माण कर सकेगा।ऐसा कार्य करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी मौके पर ट्रस्टी एकलव्य कुमार मौजूद रहे अनुपम दुबे माफिया गिरोह के द्वारा हथियाई गई 70 करोड़ कीमती जमीन की कुर्की जिन्होंने मीडिया के समक्ष कुर्क की गई जमीन का तहसीलदार सदर श्रद्धा पांडे को रिसीवर बनाए जाने पर आपत्ति जाहिर की। उन्होंने ने बताया कि मैंने डीएम से शिकायत की है कि इस जमीन का रिसीवर तहसीलदार श्रद्धा पांडे के होने का मतलब जमीन पर अनुपम दुबे का ही कब्जा माना जाएगा। मैंने नगर मजिस्ट्रेट दीपाली भार्गव को रिसीवर बनाए जाने की मांग की है डीएम ने कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है मालूम हो के जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने गैंग माफिया अनुपम दुबे व उनके साथियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के मुकाबले में अवैध तरीके से अर्जित की गई जमीन को कुर्क करने का आदेश तहसीलदार को दिया है थाना मऊ दरवाजा पुलिस ने मोहल्ला बहादुरगंज निवासी मुख्तयार आम एकलव्य कुमार पुत्र स्वर्गीय राम लाल की ओर से अनुपम व उनके गुर्गों के विरुद्ध ट्रस्ट की संपत्ति का फर्जीवाड़ा किए जाने की रिपोर्ट दर्ज की थी। जिसमें डॉ अनुपम दुबे, कन्नौज कोतवाली छिबरामऊ के ग्राम निगोह खास निवासी रमेश चंद्र गुप्ता पुत्र मंगूलाल अभिषेक पुत्र महेश चंद्र कोतवाली छिबरामऊ के ग्राम रंधीर पुर निवासी अनुराग पुत्र ओमप्रकाश एवं तत्कालीन चकबंदी अधिकारी सत्य प्रकाश सचान को आरोपी बनाया गया है ग्राम अर्राह पहाड़पुर स्थित ट्रस्ट संपत्ति वफ व श्री हनुमान महाराज बाग नंबर 436 की करोड़ों रुपए कीमती भूमि का फर्जीवाड़ा किया गया है। नगर के मोहल्ला बागकूंचा निवासी जगदीश चंद्र प्रधान आदि लोग इस ट्रस्ट के मूल ट्रस्टी थे। ट्रस्ट के मुख्तयार आम एकलव्य कुमार ने एफबीडी न्यूज़ को बताया कि भू माफिया डॉ अनुपम दुबे के दबाव में नई इकाई देवरामपुर के चकबंदी अधिकारी सत्य प्रकाश सचान ने ट्रस्ट की 60 बीघा जमीन के स्वामित्व के संबंध में फर्जी आर्डर किए तहसील सदर में आदेश का अमल दरामद होने के कारण ट्रस्ट की जमीन अनुराग अभिषेक एवं रमेश चंद गुप्ता के नाम आ गई.थाना मऊदरवाजा के मोहल्ला बीबीगंज निवासी डा जवाहर लाल शाक्य ने ट्रस्ट की जमीन को लीज पर ले रखा था.डॉ अनुपम दुबे ने जवाहर लाल को धमका कर वो कुछ रुपये देकर उनको ट्रस्टी भूमि से अलग करवा दिया डॉ अनुपम दुबे के दबाव में उनके छोटे माफिया गुर्गों ने ट्रस्ट की 22 बीघा 6 डिसमिल जमीन के फर्जी बैनामें कर दिए हैं नगर के मॉडर्न अल्ट्रासाउंड के मालिक चर्चित डॉ प्रभात गुप्ता ने भी 17 बीघा जमीन खरीदी. जबकि जनपद मैनपुरी 2/8 करहल रोड छपट्टी निवासी प्रवीन कुमार मैनपुरी के ग्राम बंदीगौरा निवासी संजीव कुमार नगला भंत निवासी सतेद्र सिंह नगला मूले निवासी शंभू शरण तथा रठौरा निवासी घनश्याम सिंह आदि ने भी जमीन खरीदी है.अब मात्र 38 बीघा जमीन बची है. 22 बीघा 6 डिसमिल जमीन बेची जा चुकी है. एकलव्य कुमार ने बताया की मेरी शिकायत पर डीएम ने एसडीएम से जांच कराई थी मैंने रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया था.लेकिन मेरी मुख्य शिकायती पत्र पर रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई जिसमें 91 लोग आरोपी है.मुख्य प्रार्थना पत्र के साथ संलग्न प्रार्थना पत्र पर रिपोर्ट दर्ज कर खानापूर्ति की गई है मालूम हो की माफिया अनुपम दुबे इंस्पेक्टर रामनिवास यादव एवं ठेकेदार शमीम हत्याकांड के मुकदमे में जनपद मैनपुरी की जेल में बंद है चर्चित डॉ एवं समाजसेवी डॉ प्रभात गुप्ता विवादित भूमि में 14 प्लाटों की बिक्री भी कर चुके हैं भू माफिया अनुपम दुबे की 70 करोड़ की संपत्ति को कुर्क किया गया

# दिव्यांगजन शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना हेतु आवेदन आमंत्रित

लंकीन प्रसाद वर्मा -क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती - श्रावस्ती जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देश पर जिला दिव्यांग जन सशक्तीकरण अधिकारी चमन सिंह ने बताया है कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों हेतु संचालित शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत युवक के दिव्यांग होने की दशा में रू0-15000/- व युवती के दिव्यांग होने की दशा में रू0-20000/-तथा युवक-युवती दोनों के दिव्यांग होने की दशा में रू0-35000/- धनराशि प्रदान की जाती है। उन्होने बताया कि इसके लिए पात्रता हेतु शादी के समय युवक की आयु 21 वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक न हो तथा युवती की उम्र 18 वर्ष से कम एवं 45 वर्ष से अधिक न हो, दम्पत्ति में कोई भी आयकर दाता न हो, मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण में दिव्यांगता 40 प्रतिशत स्थाई या उससे अधिक होनी चाहिए, ऐसे दिव्यांग दम्पत्ति पात्र होंगे जिनका विवाह गत वित्तीय वर्ष एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष में हुआ हो, विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र यदि हो। शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार हेतु इच्छुक व्यक्ति ( दम्पत्ति ) जिनका विवाह वर्तमान वर्ष एवं गत् वित्तीय वर्ष में सम्पन्न हुआ है। ऐसे व्यक्ति शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार हेतु विभागीय वेबसाइट द्धह्लह्लश्च//स्त्रद्व14ड्डठ्ठद्दद्भड्डठ्ठ.ह्वश्चद्द्यस्त्रष्.द्दश1.द्बठ्ठ पर आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन फार्म भरते समय आवेदक दम्पत्ति को दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाला संयुक्त नवीनतम फोटो, विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र यदि हो, आय, अधिवास व जाति प्रमाण पत्र तहसील द्वारा निर्गत, युवक एवं युवती का आयु प्रमाण पत्र ( जिसमें जन्मतिथि का आंकन हो ), सक्षम अधिकारी से निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र( स्थायी ), राष्ट्रीयकृत बैंक में संचालित संयुक्त खाता, एवं युवक एवं युवती के आधार कार्ड की छाया प्रति आदि अभिलेखों के साथ आवेदन पत्र ऑनलाइन उपरोक्त वेबसाइट पर करना अनिवार्य है साथ ही ऑनलाइन सबमिट आवेदन पत्र का प्रिंटआउट एवं संलग्न प्रपत्रों की हार्ड कॉपी कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, विकास भवन, श्रावस्ती में कमरा नं0-18 में किसी भी कार्य दिवस में उपलब्ध करा सकते है।

# श्रावस्ती महोत्सव' में कवियों ने अपनी कविताओं से बांधा शमां

प्रेमचंद जायसवाल
क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती - श्रावस्ती महोत्सव में कवि सम्मेलन का शुभारम्भ आगरा से पधारी कवियित्री डा0 रूचि चतुर्वेदी ने ''सत्य सतत ये सांसे लिखती जायेंगी, मृग तृष्णा ये स्वयं अंत को पायेंगी'' कविता प्रस्तुत कर कवि सम्मेलन का शुभारम्भ किया। तत्पश्चात अभिजीत मिश्रा ने ''जितना तेरा वजन है अकबर, उतना राणा का भाला है....., कविता प्रस्तुत किया। इसके पश्चात प्रतापगढ़ की अर्चना पाण्डेय ने ''दूध, घी कैसे मिले, गाये नही मिलती है अब, पुत्रियों की जन्मदा मायें नही मिलती है अब...'' कविता प्रस्तुत किया, इसके पश्चात आनन्द श्रीवास्तव ने ''खत्म हो गई है, तेरी मेरी कहानी, कहां का मैं राजा कहां की तू रानी....'' कविता प्रस्तुत किया, इसके पश्चात रायबरेली से आये नीरज पाण्डेय ने ''राष्ट्रवादी किसी अनुबन्ध को न भूलना, अमर शहीदों की पसंद को न भूलना....'' कविता गाकर दर्शकों का मन मोहा। इसके पश्चात प्रयागराज से आये शैलेन्द्र मधुर ने ''सारी नदियों की ये शिकायत है, ले के मुट्ठी में प्यास बैठे है....'' से लोगों को ओत-प्रोत कर दिया। हास्य एवं व्यंग कवि बाराबंकी से विकास बौखल एवं रायबरेली से आये कवि नरकंकाल ने अपने कविता से श्रोताओं का मनमोह लिया।

जिस पर वहां उपस्थित दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट से पंड़ाल गुंजायमान हो गया। अन्त में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ कवि भालचन्द्र त्रिपाठी ने अपनी शायरी ''हर किसी से रो चुके, गम कम हुआ क्या, एक भी दामन नम हुआ क्या...'' से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन कवियित्री डा0 आभा मधुर ने किया।

# चोर को पुलिस ने धर दबोचा




अरविन्द कुमार यादव
क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती -योगेन्द्र कुमार राय थाना सिरसिया जनपद श्रावस्ती ने मुखबिर की सूचना पर थाना सिरसिया के चोरी से सम्बन्धित मुकदमा सकटूराम विश्वकर्मा पुत्र रामबहादुर विश्वकर्मा नि0 महासेमरा दा0 चैलाही थाना सिरसिया को गुलरा ईदगाह के पास से गिरफ्तार किया। आपको बता दें कि राजू मौर्या पुत्र विद्याराम मौर्या नि0 महासेमरा थाना सिरसिया जनपद श्रावस्ती के घर में नकब लगाकर चोरी की घटना को अन्जाम दिया था राजू मौर्या के घर से 1,50,000 रु0 व जेवरात चोरी कर ले गये थे। घटना के अनावरण हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा क्षेत्राधिकारी नगर के नेत्रत्व में 02 टीमों का गठन किया गया था, जिनके अथक प्रयास से घटना का अनावरण किया गया तथा प्रकाश मे आये अभियुक्त सकटू विश्वकर्मा पुत्र बहादुर विश्वकर्मा नि0 महासेमरा थाना सिरसिया जनपद श्रावस्ती को गिरफ्तार किया ।

# ताजमहल में पानी की किल्लत: बूंद-बूंद को तरसे पर्यटक, मुख्य गुंबद की बत्ती गुल, कई विदेशियों की बिगड़ी तबीयत

उत्तर प्रदेश के आगरा स्थित ताजमहल में मंगलवार को पर्यटक पानी के लिए तरस गए। सुबह आठ बजे के करीब शाही मस्जिद के पास लगे वॉटर प्लांट को बिजली सप्लाई करने वाली केबल फुंक गई। मुख्य गुंबद की भी बत्ती गुल हो गई। दोपहर करीब दो बजे प्लांट दोबारा चालू हुआ। इस दौरान भीषण गर्मी से गुजरात से आई महिला, एक सीआईएसएफ जवान सहित आठ पर्यटकों की स्मारक के अंदर तबीयत बिगड़ गई। ताजमहल का दीदार करने पहुंचे पर्यटकों को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ा। पर्यटक पीने के लिए बूंद-बूंद पानी को तरस गए। इसके चलते गर्मी में सीआईएसएफ जवान सहित कई विदेशियों की तबीयत बिगड़ गई। ताजमहल में सुबह आठ बजे वॉटर प्लांट और मुख्य गुंबद को बिजली सप्लाई करने वाली केबिल बर्स्ट हो गई। करीब 10 बजे पर्यटकों की तादाद बढ़ी, तो पानी के लिए



हाहाकार मचने लगा। स्मारक के अंदर ठंडे पानी का एकमात्र प्लांट है। मेहमान खाने की तरफ लगे पानी के नलों से गरम पानी निकल रहा था।

## विदेशी पर्यटकों की बिगड़ी तबीयत

यहां दोपहर एक बजे प्यास से व्याकुल होकर गुजरात से आई महिला पर्यटक सेंट्रल टैंक के पास बेहोश होकर गिर पड़ी। गिरने से पैर में चोट लग गई। एक सीआईएसएफ जवान को मस्जिद के पास चक्कर आ गए। विदेशी पर्यटक भी गर्मी और प्यास से बेहाल हो गए। दो विदेशी पर्यटकों की तबियत बिगड़ने पर उन्हें रॉयल गेट पर विश्राम कराया गया। उन्हें ग्लूकोज दिया। सीआईएसएफ जवान को एबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया।

## पानी भरने और ठंडा होने में समय लगता है

ताजमहल के वरिष्ठ संरक्षण सहायक प्रिंस बाजपेयी का कहना है कि सुबह 11 बजे करीब बिजली सप्लाई शुरू हो गई थी। सबमर्सिबल से प्लांट में पानी भरने और फिर ठंडा होने में समय लगा होगा। उन्होंने बताया कि केबल फुंक जाने से पानी की समस्या कुछ देर रही थी।

## मुख्य गुंबद के लिए चलाने पड़े इन्वर्टर

मुख्य गुंबद तक ब्रिटिश काल की भूमिगत बिजली लाइन बिछी है। वॉटर प्लांट के लिए बिजली सप्लाई करने वाली केबल से ही मुख्य गुंबद के लिए बिजली सप्लाई होती है। केबल फुंक जाने के कारण ताजमहल की मुख्य गुंबद तक बत्ती गुल हो गई। आनन-फानन में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ( एएसआई ) कर्मियों ने इन्वर्टर से मुख्य गुंबद में सप्लाई शुरू कराई

## गार्डन में फोटो खिंचाने के लिए हंगामा

दिल्ली से परिवार के साथ आए सीआईएसएफ के जवान और एएसआई कर्मियों के बीच ताजमहल के अंदर गार्डन में फोटो खिंचाने के मुद्दे पर मंगलवार को जमकर हंगामा हुआ। गाली-गलौच के बाद मारपीट की नौबत आ गई। सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ कर्मियों ने बीच-बचाव कराया।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

# 'I have 8-9 months to decide, next auction...', Dhoni said on the question of retirement

In IPL 2023, on Tuesday, Mahendra Singh Dhoni's team Chennai Super Kings defeated Hardik Pandya's Gujarat Titans by 15 runs in the first qualifier. Batting first, four-time champions CSK scored 172 runs for seven wickets in 20 overs. In response, the Gujarat team was reduced to 157 runs in 20 overs. In the post match presentation, commentator Harsha Bhogle also asked Dhoni questions about his retirement. On this, the CSK captain said that he has eight-nine months left to decide. In such a situation, he does not want to rush the



decision. What did Dhoni say after the match? - After the match, Dhoni said - IPL is such a big tournament that you cannot say that it is just another final. Earlier there used to be eight top teams, now 10 teams play. I wouldn't say it's just another final. It took two months of our hard work. Everyone has contributed. Yes, the middle order hasn't got enough chances. Gujarat is a great team and they have chased down well many times in the past. That's why thought at the time of toss that he should be given a chance to bat first, but it was good to lose the toss. It is very difficult to shoot. His bowling changed the game. His partnership at the end of the innings with Moeen Ali should not be forgotten. We try to create an atmosphere and find out what is the strength of a fast bowler. We try to give them confidence and tell them please try to explore your bowling. We try to motivate them as much as possible. We have a good support staff, Dwayne Bravo and Eric Simmons. You watch the wicket and adjust the field accordingly. Dhoni's answer to the question of playing next year- Dhoni said- I can be a very troublesome captain. I keep moving the fielders two to three feet back and forth. My only request to the fielders is to keep an eye on me, watch me. Even if a catch is dropped, I will not react, just keep an eye on me. (On the question whether he will play next year or not) I do not know. I have eight to nine months to decide, as the next auction is either in December this year or January next year. In such a situation why take his headache from now. Whether I play or not, I will always be there for CSK. Whether as a player or from outside (staff), I will keep helping. What happened in the match? - Talking about the match, in the first qualifier played in Chepauk, Hardik won the toss and decided to bowl first. Batting first, Chennai had a great start. Rituraj Gaikwad and Devon Conway shared an 87-run partnership for the first wicket. Rituraj got out after scoring 60 runs in 44 balls with the help of seven fours and a six. At the same time, Devon Conway played an inning of 40 runs in 34 balls with the help of four fours. Shivam Dubey got out by scoring one run, Ajinkya Rahane 17 runs, Ambati Rayudu 17 runs and Dhoni one run. Jadeja and Moeen finally hit some big shots to take Chennai to a score of 172 in 20 overs. Jadeja was dismissed for 22 runs in 16 balls with the help of two fours, while Moin remained unbeaten after scoring nine runs in four balls. For Gujarat, Mohammed Shami and Mohit Sharma took two wickets each. Darshal Nalkande, Rashid Khan and Noor Ahmed got one wicket each.

# Hardik trapped in Dhoni's Chakravyuh? Shastri said – CSK team was seen playing with Pandya's 'ego'

When Hardik Pandya was at the crease, Dhoni played with his mind and changed the position of the players in the field. In the first five overs, Dhoni bowled the fast bowlers, but in the sixth over he bowled spinner Mahesh Tikshan. Chennai Super Kings, who finished ninth in IPL 2022, have reached the finals of this season. CSK has reached the final round of IPL for the 10th time after defeating Gujarat Titans by 15 runs in the qualifier match. Mahendra Singh Dhoni's captaincy was instrumental in reaching the final. Dhoni may have retired from international cricket but the talent of captaincy is still within him. In the qualifier match



against Gujarat Titans on Tuesday, he turned the whole game once again with his mind game. During the batting of Gujarat captain Hardik Pandya, Dhoni showed him the way to the pavilion by playing with his strength and put the valuable wicket in his team's bag. When Hardik Pandya was at the crease, Dhoni played with his mind and changed the fielding positions of the players in the ground. In the first five overs, Dhoni got the fast bowlers to bowl, but in the sixth over, he got the spinner Mahesh Tikhsna to bowl. Hardik tried to cut the fast ball over Moin Ali, but the ball went to the fielder. Seeing this, Dhoni called fielding Ravindra Jadeja from backward square to backward point. Hardik shot the next ball which went straight to Ravindra Jadeja. Ravi Shastri, commentating after Hardik Pandya's dismissal, said- "Dhoni played with Hardik's arrogance." After the match, Dhoni himself said that he is the captain who kept changing fielding positions and troubled the fielders. He said- "When you expect to get a wicket, you change the position of the field. I can be a very troublesome captain. I keep changing the position of fielders in two-three feet. My only concern with my fielders is There is only one request that they keep their eyes fixed on me. If the catch is missed, there will be no reaction from my side. Just keep their eyes on me. Dhoni may not have been able to do wonders with the bat, but once again he did wonders with his captaincy. Due to his captaincy, CSK got a crucial wicket in the form of Hardik Pandya, which proved to be helpful for the team to reach the final.

# Jadeja joined the special club of Bravo and Naren, the first Indian to make this record

Jadeja made a special achievement in the IPL after taking the wicket of Gujarat Dashun Shanaka. He has become the first Indian player to take 150 wickets and score more than 1000 runs in IPL. Ravindra Jadeja has completed his 150 wickets in IPL. He has taken 151 wickets in 225 IPL matches and scored 2677 runs. Jadeja completed his 150 wickets in IPL in the match against Gujarat. With this, he became the third player to take 150 wickets and score more than 1000 runs in IPL. Whereas, Jadeja is the first Indian to do so. Ravindra Jadeja made this special record by dismissing Dasun Shanaka in the first qualifier match against Gujarat. He also dismissed David Miller in this match. Jadeja took two wickets for just 18 runs in his four overs. Bravo and Naren have also done this - Dwayne Bravo and Sunil Naren have also done this before Jadeja. Dwayne Bravo played 161 matches in IPL and scored 1560 runs. At the same time, 183 wickets were also taken. Bravo also took 80 catches while fielding. Sunil Narine achieved this feat after Bravo. Naren has so far scored 1046 runs in IPL and has also taken 163 wickets. Jadeja may be behind these two in terms of taking wickets, but he is the first player in IPL history to score more than 2500 runs and take more than 150 wickets. What happened in the match? - Batting first, Chennai Super Kings scored 172 runs for seven wickets. Rituraj Gaikwad scored 60 and Devon Conway scored 40 for Chennai. In the end, Jadeja played a useful inning of 22 runs. Mohammed Shami and Mohit Sharma took two wickets each for Gujarat. Chasing the target of 173 runs, the Gujarat team never looked in rhythm. Shubman Gill played an inning of 42 runs, but could not win his team. Rashid Khan also batted aggressively in the end, but by then it was too late and Gujarat lost the match. With the victory in this match, the Chennai team reached the finals.





# Priyanka Chopra praised herself and husband Nick, said- We are not afraid to work hard

The pairing of Priyanka Chopra and Nick Jonas is one of the most talked about couples. There is a lot of love between the two and they keep expressing this love in front of the world. On social media, both do not hold back from showering love on each other. Recently, Priyanka has called herself and her husband Nick Jonas "hustlers" and said that for them both are not afraid of hard work. Priyanka and Nick are one of the most discussed couples not only in



Bollywood but also in Hollywood. Both are often spotted in the media and both do not leave any chance to shower love on each other. Now in a recent interview, Priyanka said about her and Nick's work that both of us love to work and we both respect each other's profession a lot. Priyanka Chopra recently appeared in an interview. Pans Seng made many revelations about her personal life as well as read ballads in praise of her husband Nick. Priyanka said, "I want him to perform in 87 countries. Our careers are very important to both of us and I would love to see him succeed." Revealing about her and Nick's relationship, Priyanka said, 'This was our first home together and family has its place in both of our lives. There are always people living in our house. I can't say anything for Nick, but when I work, I have to bear that pressure too. The only way out of pressure is to have friends and family as I am not an outgoing person. I love being with my friends. Priyanka Chopra and Richard Madden starrer web series 'Citadel' is streaming on OTT platform Prime Video. The series has received mixed response from fans and critics. The six-episode series "Citadel" stars Richard Madden, Priyanka Chopra, Stanley Tucci and Leslie Manville. On the other hand, talking about its Indian version, it is being made by Raj & DK.

# Richa Chadha jumps into Cannes fashion vs film debate, says it is a good place for marketing

Richa Chadha is also one of those actresses of Bollywood, who keeps her opinion on one thing or the other. Richa Chadha keeps her point out loud through social media and this is the reason why she remains very active on social media. The actress often raises her voice on one issue or the other. For this sometimes she gets praise and sometimes the actress has to face trolling as well. In this sequence, recently Richa Chadha has taken a dig at the debate that broke out at the Cannes Film Festival, which has once again brought her into the limelight. Cannes Film Festival has become a topic of discussion these days. Where on one hand the fashion being spread by Bollywood celebs is enticing the fans. At the same time, there has been a debate on social media whether the Cannes Film Festival is a fashion event or a festival of films. Many Bollywood celebs are giving their opinion on this and now Richa Chadha's name has also been included in them. Richa Chadha, who is attending the Cannes Film Festival with her husband, actor Ali Fazal, weighed in on the recent social media debate on whether fashion overshadows films at the famous festival? In Cannes More Indian actors walking the red carpet have been representing international brands and fashion labels. The 'Cannes fashion vs film' debate on social media was sparked when actress and filmmaker Nandita Das recently wrote on her social media platforms, 'It's a festival of films, not clothes.' Along with this, 'The Kashmir Files' filmmaker Vivek Agnihotri also expressed grief over turning the Cannes Film Festival into a fashion event. Now actress Richa Chadha has shared her views on the debate. On Instagram Stories, Richa wrote, 'There is a lot of talk about Cannes, fashion, film etc. on social media. People are excited to come here. I see they are thanking the brand/designer/alcohol label who is bringing those influencers here. It's also a great place for a marketing number? Let them be / You will see that most of the people say that they will walk the red carpet but will not tell about the film. Well, it's because they are not here for the film." Richa then went on to share how her film received appreciation from the audience and a seven-minute standing ovation. He further added, 'Having said that, are you lucky enough to have got a chance to work in a film that reaches the Festival of Cannes...It is the best feeling in the world. After all it is a film festival, no matter what anyone says and as an artiste, there is no greater joy and satisfaction than a seven-minute long standing ovation at the Grand Palais... It was overwhelming.'Richa earlier Neeraj Ghevan's directorial venture 'Masaan' and Anurag Kashyap's 'Gangs of Wasseypur' at the Cannes Film Festival. This year she has gone there with Ali for their production venture 'Girls Will Be Girls'.



# Nimrat-Sara Ali Khan became part of Akshay Kumar's 'Sky Force', shooting of the movie will start on this day

Bollywood Khiladi Akshay Kumar has worked with almost all the big actresses of the industry in his career. The latest news is that he is reuniting with Nimrat Kaur and Sara Ali Khan for a film together. As per reports, Sara and Nimrat will be next seen in Dinesh Vijan's next production 'Sky Force' alongside Khiladi Kumar. The story of the film is said to be a period aerial drama, in which Akshay will play an IAF fighter pilot. While Sara and Nimrat's roles are being kept under wraps for now. As per reports, all three will play lead roles in the film




and whether the two ladies will have a romantic track with Akshay or not remains in suspense. The film, helmed by Sandeep Kewalani and Abhishek Kapoor, is expected to go on floors next month. Akshay Kumar has previously worked with actresses Sara and Nimrat. Actually, Nimrat played the role of Akshay Kumar's wife in the 2016 film Airlift. At the same time, Sara Ali Khan played the double role of Akshay Kumar's wife and daughter in the 2021 film 'Atrangi Re'. She was also accompanied by South actor Dhanush in this film. Talking about actor Akshay Kumar's upcoming films, he was last seen in the film 'Selfie', which failed to perform at the box office. The actor will be next seen in Ali Abbas Zafar's 'Bade Miyan Chote Miyan'. He will be seen sharing the screen with Tiger Shroff, Manushi Chhillar, Alaya F and others. The film is scheduled to release on Eid 2024. Apart from this, the actor also has the Hindi remake of 'Soorarai Pottru' in the pipeline, in which he will be seen sharing the screen with Radhika Madan, the film is slated to release in September. On the work front, she will next be seen in the film 'Zara Hatke Zara Bachke', in which she will share the screen with Vicky Kaushal. Directed by Laxman Utekar, the film is scheduled to release in theaters on June 2. Apart from this, the actress also has Anurag Basu's 'Metro In Dinon', in which she will be seen sharing screen space with Aditya Roy Kapur. The romantic drama also stars Anupam Kher and Neena Gupta in key roles.

# 'Anupama' actor Nitesh Pandey died of cardiac arrest, said goodbye at the age of 51

After the death of actress Vaibhavi Upadhyay, TV industry veteran actor Nitesh Pandey has also passed away. According to media reports, Nitesh Pandey died due to cardiac arrest. Wednesday morning turned into a big mourning for the TV industry. While everyone was shocked by the news of the death of actress Vaibhavi Upadhyay, a few hours later the news of the death of another TV star came to the fore. Veteran actor Nitesh Pandey said goodbye to this world. According to media reports, Nitesh Pandey died due to cardiac arrest. Actor Nitesh Pandey is no more - According to media reports, the actor had a cardiac arrest at 1.30 pm, due to which he died. The actor was 51 years old. Everyone is immersed in mourning due to his departure. This news has been confirmed by writer Siddharth Nagar. He shared a post on social media. Apart from this, Siddharth Nagar has told in an interview that Nitesh had gone to Igatpuri for the shooting. There he suffered a cardiac arrest around 1:30 am. Actor found dead in hotel - According to ANI, Nitesh Pandey was found dead in a hotel in Igatpuri, Nashik, Maharashtra. A police team is present at the hotel and the matter is being investigated. Postmortem report is awaited. The hotel staff and people close to them are being interrogated. Anupama was appearing in the serial - These days the actor was appearing in TV's famous show Anupama. Actor was playing the role of Dheeraj Kapoor in this show. In this show, Rupali was playing the role of Ganguly's friend Devika's husband. Work done in these TV shows and films- Nitish Pandey had worked in many superhit shows, including 'Tejas', 'Saya', 'Manjilein Apni Apni', 'Kuch To Log Kahenge', 'Ek Rishta Partnership Ka', 'Maharaja Ki Jai Ho', 'Hero-Missing Mode On' were included. Apart from this, the actor also worked in many films, which included films like 'Badhaai Do', 'Madaari', 'Dabangg 2'.



# पंजाब को नशे की समस्या से मुक्त बनाना शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी: स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह

सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच



लुधियाना -सराभा-स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डा. बलबीर सिंह ने बुधवार को शहीद करतार सिंह सराभा की जयंती के मौके पर मुख्यमंत्री भगवंत मान की सोच के अनुरूप राज्य को 'रंगला पंजाब' बनाने के लिए पंजाब को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लिया। लुधियाना में शहीद करतार सिंह सराभा को उनके पैतृक गाँव सराभा में पुष्पांजलि अर्पित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, ''यह शहीद करतार सिंह सराभा को सच्ची श्रद्धांजलि होगी यदि हम राज्य से नशों को जड़ से खत्म कर सकें।'' बलबीर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार पहले ही इस दिशा में लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के लिए बहादुरी से लडने् वाले हमारे पूर्वजों के सपनों को साकार करने में नशाखोरी एक गंभीर बाधा है। उन्होंने कहा कि समय आ गया है जब नशों के ख़िलाफ़ जंग को एक जन आंदोलन में तबदील किया जाए ताकि पंजाब को नशों से मुक्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार पूरे राज्य में 'परिवर्तन केंद्र' खोलेगी, जहाँ नशा पीड़ितों का इलाज, सलाह-परामर्श एवं पुनर्वास किया जाएगा। उन्होंने कहा, ''हम नशा पीड़ितों को विभिन्न व्यवसायों के लिए प्रशिक्षण प्रदान करना सुनिश्चित करेंगे, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें।'' इसके अलावा, सेहत कमेटियों का गठन किया जाएगा, जिन्हें अपने क्षेत्रों में नशीली दवाओं के खतरे पर नज़र रखने का काम सौंपा जाएगा। रायकोट के विधायक हाकम सिंह ठेकेदार ने भी जनसभा को संबोधित किया और कहा कि पंजाब सरकार नशीली दवाओं के दुरुपयोग जैसी सामाजिक कुरीतियों को खत्म कर राज्य को 'रंगला पंजाब' में बदलने के लिए प्रतिबद्ध है। मार्कफैड के चेयरमैन अमनदीप सिंह मोही ने नशों के खिलाफ युवाओं को जागरूक करने का आह्वान किया। इस अवसर पर उपस्थित अन्य लोगों में प्रमुख रूप से ज़िला योजना बोर्ड के प्रमुख शरनपाल सिंह मक्कड़, आप नेता डॉ. के.एन.एस. कंग, अहबाब गरेवाल, हरभूपिंदर सिंह धरौर, अतिरिक्त उपायुक्त मेजर अमित सरीन, सिविल सर्जन डॉ. हितिंदर कौर और कर्नल (सेवानिवृत्त) मनदीप सिंह गरेवाल शामिल थे।

# निशुल्क दिव्यांग सहायता शिविर 26 से 28 तक: एनएकेपी के सामने सेवा केंद्र में

हारुन
क्यूँ न लिखूँ सच



विगत वर्षों की तरह इस साल भी एसएन साध ट्रस्ट की ओर से 26 27 व 28 मई को निशुल्क दिव्यांग सहायता शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर की संयोजक डा रजनी सरीन ने सेवा केंद्र पर मीडिया को शिविर के बारे में व्यापक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 26 27 व 28 मई को एनएकेपी डिग्री कॉलेज के सामने सेवा केंद्र में प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक निशुल्क दिव्यांग सहायता शिविर का आयोजन होगा।मरीजों को आधार कार्ड व दिव्यांग प्रमाण पत्र की फोटो फोटो कॉपी लाना आवश्यक है। शिविर में दिव्यांगों को कृतिम पैर पोलियो ग्रस्त व्यक्तियों को केलीपर वैशाखी आदि उपकरण मुफ्त में उपलब्ध कराये जायेगे। डॉ सरीन ने बताया कि कि शिविर के आयोजक राकेश साध व चमकएश साध निजी परेशानी के कारण आज नहीं आ पाये व 27 मई को आ जाएंगे.डॉक्टर सरीन ने प्रचार वाले पोस्टर में विकलांग लिखे जाने पर गल्ती बताते हुए सुधार कर दिव्यांग समझने की सलाह दी. उन्होंने बताया कि शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सुबोध कुमार वर्मा, कान नाक गला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर शिखर सक्सेना एवं दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मौजूद रहेंगे। डॉक्टर सरीन ने बताया कि वायु प्रदूषण से कान से सुनने में परेशानी होने लगती है इस बात को पूरी दुनिया ने स्वीकार किया है। कजाकिस्तान मलेशिया एवं सिंगापुर जैसे देशों में मस्जिदों से लाउडस्पीकर पर अजान नहीं की जाती है.उन्होंने बताया कि शादी समारोह में काफी शोर होता हैं इस परेशानी से बचने के लिए मैं ऐसे आयोजन में कान में मशीन लगाती हूं। उन्होंने कानों की सुरक्षा के लिए तेज आवाज से बचने की सलाह देते हुए मस्जिद से लाउडस्पीकर कम आवाज में अजान देने की सलाह दी। डॉक्टर सरीन ने कम सुनने वाले मरीजों को ऑडियोमेट्री टेस्ट रिपोर्ट न लाने की सलाह दी. डॉक्टर सरीन ने भाजपा के जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता आदि नेताओं की ओर इशारा करते हुए कहा की जिलाध्यक्ष एवं उनकी सेना हमारे शिविर का गांव गांव तक प्रचार करने में सहयोग करती है.डॉक्टर सरीन ने सेवा करने और भूल जाने की जानकारी देते हुए बताया कि मुझे किसी से सेवा कार्य कार्य का अवार्ड नहीं चाहिए। डॉ शिखर सक्सेना ने बताया कि मरीजों को चेक करने के बाद जरूरतमंदों को ही कान की मशीन दी जाएगी। इसके लिए आधार कार्ड लाना आवश्यक है. डॉ ने बताया कि मैं दांतो से संबंधित समस्याओं के लिए सेवा दूंगा. डॉ हरिदत्त द्विवेदी ने बताया कि अब मोबाइल फोन के इस्तेमाल से डांटे जाने पर 12 साल तक के बच्चे आत्महत्या करने लगे हैं। ऐसे बच्चों को जागरूक करने की जरूरत है ईयररिंग मशीन के अधिक इस्तेमाल से भी काम को नुकसान पहुंचता है. बैठक में भाजपा नेता हिमांशु गुप्ता. विश्वास गुप्ता.अमर साध,उदय सभी लोग मौजूद रहे.

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# 2015 बैच के आईएएस अधिकारी संदीप कुमार ने एडीसी (ग्रामीण विकास) का पदभार ग्रहण किया

सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच



लुधियाना -2015 बैच के आईएएस अधिकारी संदीप कुमार ने आज एडीसी (ग्रामीण विकास) लुधियाना का पदभार ग्रहण किया. उन्होंने इससे पहले लुधियाना में अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (एडीसी) (शहरी विकास) और अतिरिक्त मुख्य प्रशासक (एसीए) ग्लाडा के रूप में कार्य किया है।

उन्होंने पहली और दूसरी लहर के दौरान कोविड महामारी के प्रसार को नियंत्रित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यभार संभालने के बाद संदीप कुमार ने कहा कि वह लुधियाना जिले के ग्रामीण क्षेत्रों से संबंधित नीतियों/योजनाओं को बेहतर और प्रभावी तरीके से लागू करने को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे। उन्होंने कहा कि निवासियों को स्वच्छ, पारदर्शी और उत्तरदायी प्रशासन प्रदान करने के लिए सभी प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिले की प्रगति और इसके निवासियों की समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। संदीप कुमार ने यह भी कहा कि वह यह भी सुनिश्चित करेंगे कि लोगों को बड़े पैमाने पर लाभान्वित करने के लिए एक प्रभावी और पारदर्शी तंत्र स्थापित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों/कर्मचारियों से कहा कि वे लोगों को पारदर्शिता और सेवाओं की समय पर डिलीवरी सुनिश्चित करने के अलावा पूरी लगन और कड़ी मेहनत के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करें।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पंजाबियों और सिखों की है हमदर्द सरकार – रजनीश धीमान

सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच



लुधियाना - भारतीय जनता पार्टी लुधियाना की एक दिवसीय जिला कार्यकारिणी का शुभारंभ भाजपा के जिला अध्यक्ष रजनीश धीमान की अध्यक्षता में हुआ। इस बैठक में भाजपा पंजाब प्रदेश के अध्यक्ष अश्वनी शर्मा,पंजाब प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष प्रो.राजिंदर भंडारी,पंजाब प्रदेश के सचिव अनिल सच्चर,प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता अनिल सरीन आदि उपस्थित थे। भाजपा जिलाध्यक्ष रजनीश धीमान ने इस समारोह में उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत पुष्प गुच्छ एवं दोशाला भेंट कर किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जहां देश को विकास की गति से आगे बढ़ाया है, वहीं उन्होंने पंजाब और पंजाबियों के प्रति भी अपना फर्ज पूरी शिद्दत से निभाया है। श्री करतारपुर साहिब कॉरिडोर का निर्माण, 1984 के दंगाईयों को सजा, श्री हरमिंदर साहिब को एफसीआरए,अफगानिस्तान से साहिब श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के स्वरूपों को पूरे मान सम्मान के साथ भारत लाना, काली सूची को समाप्त करना जैसे बड़े कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पंजाब तथा पंजाबियों के प्रति सार्थक सोच को दर्शाते हैं। नरेंद्र मोदी की केंद्र सरकार द्वारा श्री गुरु नानक देव जी की 550वां गुरुपुर्व, श्री गुरु गोबिंद सिंह जी की 350वां गुरुपुर्व, श्री गुरु तेग बहादुर जी की 400वां गुरुपुर्व देश-विदेश में पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया और छोटे साहिबजादों की शहादत के दिन को वीर बाल दिवस के रूप में घोषित करना नरेंद्र मोदी सरकार की सिख धर्म के प्रति भक्ति और सम्मान को दर्शाता है।पंजाब भाजपा की इस कार्यकारिणी बैठक में पंजाब और पंजाबियों के लिए किए गए उपरोक्त कार्यों के लिए नरेंद्र मोदी सरकार का धन्यवाद किया गया और पार्टी कार्यकर्ताओं को दिन-रात मेहनत कर घर-घर जाकर कार्यक्रम करने का आह्वान किया गया ताकि मोदी सरकार की उपलब्धियों को पंजाब के हर घर तक पहुंचाया जा सके। इस मौके पर भाजपा के जिला महामंत्री कांतेन्दु शर्मा, नरेंद्र सिंह मल्ली,पंजाब भाजपा के प्रवक्ता गुरदीप सिंह गोशा,परवीन बंसल,जतिंदर मित्तल,राजीव कतना,रेनू थापर,जगमोहन शर्मा, डा.डी.पी.खोसला,जिला प्रेस सचिव डा.सतीश कुमार, जिला सह प्रेस सचिव संजीव धीमान, एस.सी मोर्चा के प्रधान कुलविंदर सिंह,युवा मोर्चा के प्रधान रवि बत्रा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष शीनू चुग आदि सैंकड़ो की गिनती में भाजपा के कार्यकर्त्ता कार्यकारिणी में मौजूद रहे।

# सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट इंटरनेशनल स्कूल का जीत का सिलसिला जारी




सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच

लुधियाना -लुधियाना-कैम्ब्रिज आईजीसीएसई-ग्रेड 10 के स्कूल के छात्रों ने 10वीं कक्षा के परिणामों में शीर्ष स्थान हासिल कर लगातार तीसरे वर्ष हैट्रिक लगाई। 24 मई, 2023 को सीएआईई (कैम्ब्रिज असेसमेंट इंटरनेशनल एजुकेशन) द्वारा परिणाम घोषित किए जाने पर स्कूल परिसर में खुशियों की बारिश हो रही थी - 77 *, 40 और 12 ढ्ष्टश्व भेद हमारे कठिन प्रयासों के समृद्ध प्रतिफल लाभांश थे। आदित्य गुप्ता और सुहावी शर्मा ने 7 *, रयान गुप्ता और प्रियल गुप्ता ने 6 *, जबकि जय माधव गोयल, प्रियनंदिनी गुप्ता, कृशिव गुप्ता और रघुवर गुप्ता ने अपने डिस्टिंक्शन क्रेडिट में 5 * हासिल किया। सेक्रेड हार्ट के संरक्षण में छात्रों की तैयारी और मेहनत रंग लाई। स्कूल प्रत्येक वर्ष अकादमिक उत्कृष्टता के मार्ग पर चलना जारी रखता है; इसके तारकीय परिणाम-ग्राफ की सफलता बैंडविड्थ में खुदी हुई है, जिसने छात्रों को एक जगह बनाने और वैश्विक उत्कृष्टता प्राप्त करने में मदद की है।

# विधायक मदन लाल बग्गा ने वार्ड नंबर 83 में लाइफ लाइन पूली वाली रोड का निर्माण कार्य शुरू किया




सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच

लुधियाना - लुधियाना उत्तर विधानसभा क्षेत्र के विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा ने वार्ड नंबर 83 में लाइफ लाइन पूली वाली रोड का निर्माण कार्य शुरू किया। इस अवसर पर उनके साथ बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी भी उपस्थित रहे जिन्होंने अपने प्रिय विधायक का हृदय की गहराइयों से आभार व्यक्त किया। विधायक बग्गा ने कहा कि पिछले 15 साल से किसी ने इस सड़क की सुध ली है और अब एक-एक करके सभी सड़कें बनाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि वह क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे और लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरना और अथक परिश्रम करना ही उनका एकमात्र लक्ष्य है। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट किया कि वे यहां कार्यरत ठेकेदार के कार्य पर पैनी नजर रखें ताकि कार्य की गुणवत्ता का स्तर गिरे नहीं। उन्होंने कहा कि लुधियाना नगर निगम ने शहर के व्यापक विकास के लिए करोड़ों रुपये की परियोजनाएं तैयार की हैं और शहरवासियों को प्राथमिकता के आधार पर बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली राज्य सरकार द्वारा शहर का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने की दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि जनता से किया गया हर वादा पूरा किया जाएगा।

# ग्राम गढ़ी तरखाना में करीब 3 एकड़ जमीन को पंचायत विभाग ने कब्जे से मुक्त कराया

सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच



लुधियाना- ब्लॉक माछीवाड़ा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गढ़ी तरखाना की 3 एकड़ 1 कनाल भूमि को ग्रामीण विकास एवं पंचायत विभाग द्वारा कब्जे से मुक्त कराया गया।इस संबंध में खंड विकास पंचायत अधिकारी (बीडीपीओ) माछीवाड़ा गुरप्रीत सिंह मांगट ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि पंजाब सरकार के ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल, विधानसभा क्षेत्र समराला के विधायक जगतार सिंह दयालपुरा,उपायुक्त लुधियाना सुरभी मलिक और अतिरिक्त उपायुक्त (ग्रामीण विकास) संदीप कुमार के निर्देश पर ब्लॉक ब्लॉक माछीवाड़ा के तहत गांव गढ़ी तरखाना की 3 एकड़ और 1 कनाल, जो खाली और खाली थी, को कब्जे से मुक्त कर दिया गया।

बीडीपीओ मंगत ने आगे कहा कि इस जमीन पर ग्रामीणों ने अवैध कब्जा कर रखा है । इस मौके पर अधीक्षक गुरप्रीत सिंह बदेशा, लखविंदर सिंह पंचायत अधिकारी, अमरजीत सिंह पंचायत सचिव ने उक्त क्षेत्र का कब्जा सरपंच/ पंच गढ़ी तरखाना को सौंप दिया। जिला विकास पंचायत अधिकारी (डीडीपीओ) नवनीत जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री पंजाब भगवंत मान के नेतृत्व वाली सरकार आम लोगों को भू-माफिया, रेत माफिया, खनन माफिया, परिवहन माफिया से मुक्त कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

# डीजी रुस्तम को इंदिरा गांधी का इशारा और पाक सेना के कब्जे से 1800 वर्ग मील का इलाका छीन लाई बीएसएफ

धवार को विज्ञान भवन में आयोजित सीमा सुरक्षा बल के अलंकरण समारोह एवं रुस्तमजी मेमोरियल लेक्चर के अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अदम्य साहस का परिचय देने वाले जवानों को सम्मानित किया। यह समारोह बीएसएफ द्वारा अपने पहले महानिदेशक केएफ रुस्तमजी की याद में आयोजित किया जाता है बांग्लादेश की मुक्ति की लड़ाई में बीएसएफ ने भारतीय सेना के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम किया था। साल 1971 में कई मोर्चों पर सीमा सुरक्षा बल ने पाकिस्तानी सेना को करारा जवाब दिया था। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने बीएसएफ के पहले डीजी केएफ रुस्तमजी से कहा था, आपको जो अच्छा लगे, वह करें, लेकिन पकड़े न जाएं। अपनी पूरी ताकत बॉर्डर पर लगा दें। इसके बाद क्या था, बीएसएफ के जांबाजों ने केएफ रुस्तमजी के नेतृत्व में पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाया, जो इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया। बीएसएफ ने पाकिस्तानी सेना के कब्जे से 1800 वर्ग मील का इलाका छीन लिया। बीएसएफ के स्पेशल कमांडो ब्लैक शर्ट्स ने पाक सेना पर घात लगाकर हमला किया। कमांडो ने पाकिस्तान की अधिकांश सामरिक पोजिशन तबाह कर दी।



### गोलक मजूमदार को दी थी कार्रवाई की पूरी छूट

बुधवार को विज्ञान भवन में आयोजित सीमा सुरक्षा बल के अलंकरण समारोह एवं रुस्तमजी मेमोरियल लेक्चर के अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अदम्य साहस का परिचय देने वाले जवानों को सम्मानित किया। यह समारोह बीएसएफ द्वारा अपने पहले महानिदेशक केएफ रुस्तमजी की याद में आयोजित किया जाता है। उपराष्ट्रपति ने वीरता के पुलिस पदक और विशिष्ट सेवा मेडल से जवानों एवं अधिकारियों को सम्मानित किया। इनमें सेवानिवृत्त कर्मी भी शामिल रहे। बांग्लादेश की लड़ाई में बीएसएफ ने कई मोर्चों पर तो अकेले ही पाकिस्तानी सेना को करारा जवाब दिया था। इस लड़ाई में बीएसएफ के पूर्वी फ्रंटियर के आईजी गोलक मजूमदार को फैसले लेने और कार्रवाई की पूरी छूट दे दी गई। बांग्लादेश की तरफ से गोलक मजूमदार को फ्रेंड्स ऑफ बांग्लादेश का सम्मान दिया गया। संजीव कृष्ण सूद, एडीजी बीएसएफ ( रिटायर्ड ) ने अपनी पुस्तक बीएसएफ, द आइज एंड ईयर्स ऑफ इंडिया में बांग्लादेश की मुक्ति के दौरान सीमा सुरक्षा बल के शौर्य को लेकर कई खुलासे किए हैं।

### स्थापना के छह साल के भीतर बीएसएफ को बड़ा टॉस्क

एसके सूद ने अपनी पुस्तक में लिखा है कि एक दिसंबर 1965 को बल की स्थापना के बाद मात्र छह साल के भीतर, बांग्लादेश की मुक्ति की लड़ाई जैसा बड़ा टॉस्क बीएसएफ को मिला था। इस लड़ाई में मार्च 1971 से लेकर इसके खत्म होने, यानी दिसंबर 1971 तक बीएसएफ शामिल रही थी। कई मोर्चों पर बीएसएफ ने असीम बहादुरी का परिचय दिया। बीएसएफ के तत्कालीन चीफ लॉ अफसर, कर्नल एमएस बैंस ने बांग्लादेश के अंतिम संविधान का ड्राफ्ट तैयार करने में मदद की थी। उनके कई सुझावों को ड्राफ्ट में शामिल किया गया। आईजी गोलक मजूमदार ने इस लड़ाई में अहम योगदान दिया था। उन्होंने पहले त्रिपुरा फिर पश्चिम बंगाल में काम किया था, इसलिए इंटेलिजेंस पर उनकी अच्छी पकड़ थी। पाकिस्तान को लेकर उनके पास तमाम खुफिया सूचनाएं रहती थीं। वे अकेले ऐसे व्यक्ति थे, जो बांग्लादेश अवामी लीग के संपर्क में रहे।

### हुसैन अली को हार स्वीकार करने के लिए तैयार किया

आईजी गोलक मजूमदार ने कोलकाता में पाकिस्तान के उच्चायुक्त हुसैन अली को हार स्वीकार करने के लिए तैयार किया था। उनके सामने दूतावास पर पाकिस्तान का झंडा उतर रहा था। वे दिसंबर 1971 में लड़ाई खत्म होने तक अवामी लीग के साथ संपर्क में रहे। गोलक मजूमदार को परम विशिष्ट विशिष्ट सेवा मेडल प्रदान किया गया था। बांग्लादेश सरकार ने उन्हें फ्रेंड्स ऑफ बांग्लादेश के सम्मान से नवाजा। मुक्ति वाहिनी के अस्तित्व में आने से पहल मुक्ति योद्धा तैयार किए जा रहे थे। संजीव कृष्ण सूद के अनुसार, बीएसएफ ने ही मुक्ति वाहिनी को खड़ा किया था। उनकी ट्रेनिंग व संगठन का ढांचा सीमा सुरक्षा बल की अकादमी के तत्कालीन निदेशक ब्रिगेडियर बीएस पांडे ने तैयार किया था। बॉर्डर के विभिन्न हिस्सों पर 17 ट्रेनिंग सेंटर शुरू किए गए थे। इस सेंटरों पर 3000 मुक्ति वाहिनी कैडर को प्रशिक्षण मिला। बीएसएफ ने पाकिस्तान के संचार सिस्टम को भारी नुकसान पहुंचाया। बांग्लादेश का मुख्यालय स्थापित किया गया। बांग्लादेश को हर तरह की सैन्य मदद दी गई। मुक्ति वाहिनी का वायरलेस सिस्टम, बीएसएफ ने ही खड़ा किया था। बीएसएफ ने पूर्वी पाकिस्तान में अनेक पुलों को ध्वस्त कर पाक सेना को बड़ा नुकसान पहुंचाया। पाकिस्तान में बड़े शहरों का लिंक खत्म कर दिया गया।

### बीएसएफ के बिना नवाबगंज पर कब्जा संभव नहीं था

1971 की लड़ाई में बीएसएफ ने स्पेशल कमांडो ब्लैक शर्ट्स तैयार किए थे। ये वही कमांडो थे, जिन्होंने पाकिस्तानी सेना पर घात लगाकर हमला किया। पाकिस्तान की अधिकांश पोजिशन तबाह कर दी गई। जिम्मेदारी के दूसरे चरण में बीएसएफ को सभी बीओपी की सुरक्षा की जिम्मेदारी मिली। दिसंबर 1971 में बीएसएफ को सेना के हर बड़े टॉस्क में शामिल किया गया। सीमा सुरक्षा बल की 23 यूनिटों का कंट्रोल सेना के पास था। 71वीं बटालियन, जिसके पास 10 पोस्ट ग्रुप आर्टिलरी थी, उसकी कमांड सहायक कमांडेंट एलएस नेगी ने संभाल रखी थी। नवाबगंज पर कब्जा जमाने में उनका खास योगदान रहा था। मेजर जनरल लछमन सिंह, पीवीएसएम, वीआरसी जीओसी 20 माउंटेन डिवीजन ने डीओ लैटर लिखकर बीएसएफ कमांडर आर्टिलरी की बहादुरी और मदद का जिक्र किया था। उन्होंने लिखा कि बीएसएफ के बिना नवाबगंज पर कब्जा संभव नहीं था।

### जब लगे लॉन्ग लाइव इंडिया बांग्लादेश फ्रेंडशिप के नारे

पूर्व एडीजी एसके सूद ने अपनी किताब के चौथे अध्याय में लिखा है, जुलाई 1971 में बीएसएफ की 103वीं बटालियन, जो कूच बिहार में थी, उसने पाकिस्तानी सेना के कब्जे से 1800 वर्ग मील का इलाका छीन लिया था। सीमा सुरक्षा बल की 71वीं बटालियन ने महानंदा नदी के बाद पाकिस्तान की सेना पर जबरदस्त हमला किया था। इस लड़ाई में बीएसएफ के सिपाही पदम बहादुर लामा शहीद हुए थे। दो अन्य जवान घायल हुए। यह बटालियन जैसे ही बांग्लादेश के राजशाही में पहुंची, तो वहां लोगों ने लॉन्ग लाइव इंडिया बांग्लादेश फ्रेंडशिप के नारे लगाए। 77वीं बटालियन जो पहाड़ी इलाके में तैनात थी, उस पर पाकिस्तान ने भारी बमबारी की। बीएसएफ ने जब जवाब देना शुरू किया, तो पाकिस्तान फ्लैग मीटिंग के लिए राजी हो गया। 22 अप्रैल 1971 को दोनों पक्ष, फायरिंग रोकने पर राजी हो गए। सीमा सुरक्षा बल ने पूर्वी पाकिस्तान की खानपुर बीओपी पर कब्जा कर लिया था। इसमें बीएसएफ के नायक अमल कुमार मंडल शहीद हो गए थे।

# उद्धव ठाकरे से मिले दिल्ली सीएम केजरीवाल, केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ समर्थन की मांग



आप नेताओं ने आगे बताया कि केजरीवाल की मुंबई यात्रा के दौरान पंजाब सीएम भगवंत मान भी साथ रहेंगे। उद्धव ठाकरे और केजरीवाल ठाकरे के आवास पर ही मुलाकात करेंगे। बैठक के दौरान आप सांसद संजय सिंह और राघव चड्ढा के साथ-साथ दिल्ली की केबिनट मंत्री आतिशी भी मौजूद रहेंगी। दिल्ली सरकार और एलजी के बीच खींचतान की खबरें लगातार सुर्खियों में रहती है। दिल्ली में नौकरशाहों के ट्रांसफर-पोस्टिंग का अधिकार एलजी को दिए जाने के केंद्र सरकार के अध्यादेश के खिलाफ बवाल मचा हुआ है। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल अब विपक्षी नेताओं के समर्थन के लिए प्रयास कर रहे हैं। इसी सिलसिले में बुधवार को दिल्ली के सीएम केजरीवाल ने महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से मुलाकात की।

### आप के दूसरे नेता भी उपस्थित

केजरीवाल की मुंबई यात्रा के दौरान पंजाब सीएम भगवंत मान भी मौजूद हैं। केजरीवाल ने उद्धव से उनके आवास पर ही मुलाकात की। बैठक के दौरान आप सांसद संजय सिंह और राघव चड्ढा के साथ-साथ दिल्ली की केबिनट मंत्री आतिशी भी मौजूद रहीं। केजरीवाल गुरुवार को एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार से भी मुलाकात करेंगे। बता दें, केजरीवाल ने मंगलवार को ममता बनर्जी से भी मुलाकात की थी।

### विपक्ष का मांगा समर्थन

केजरीवाल ने मंगलवार से देशव्यापी दौरे की शुरुआत की है।

केजरीवाल नौकरशाहों के ट्रांसफर और पोस्टिंग पर केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ विपक्षी नेताओं का समर्थन मांगने के लिए दौरे कर रहे हैं। दिल्ली के सीएम ने दिल्ली की जनता के अधिकार छीनने का आरोप लगाते हुए कहा कि अध्यादेश को राज्यसभा में पारित करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार अधिनियम, 1991 में संशोधन करने के लिए अध्यादेश लाया गया था। अध्यादेश सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए फैसले को दरकिनार करता है।

### ममता ने भी की थी अपील

मंगलवार को केजरीवाल से मुलाकात करने के थोड़ी देर बाद ही सीएम ममता बनर्जी ने विपक्षी पार्टियों से अपील की है।

उन्होंने कहा कि सभी को अध्यादेश का विरोध करना चाहिए। ममता ने कहा कि देश को सिर्फ सुप्रीम कोर्ट ही बचा सकता है। ममता का कहना है कि केंद्र न्यायपालिका सहित सभी एजेंसियों को नियंत्रित करना चाहता है। मेरी अपील है कि सभी विपक्षी दल से अध्यादेश का विरोध करें, मेरी पार्टी ने अध्यादेश का विरोध करने का फैसला किया है। हाल ही में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी केजरीवाल से मुलाकात की थी।

# महाठग संजय शेरपुरिया से ईडी ने छह घंटे की पूछताछ, फंस सकते हैं कई नेता व अफसर

प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने महाठग संजय शेरपुरिया से छह घंटे तक पूछताछ की। उससे राजनेताओं, अफसरों और उद्योगपतियों से संबंधों के बारे में सवाल किए गए व केस खत्म कराने का भरोसा देने वाले जांच एजेंसियों के अफसरों के नाम भी पूछे गए।प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की एसटीएफ टीम ने लखनऊ जेल में बंद जालसाज संजय राय शेरपुरिया से पूछताछ की है। ईडी एसटीएफ के असिस्टेंट डायरेक्टर के नेतृत्व में चार सदस्यीय टीम सुबह 10 बजे गोसाईगंज स्थित जिला कारागार पहुंची, जहां हाई सिक्योरिटी बैरक में बंद शेरपुरिया से छह घंटे तक गहन पूछताछ की। बीते कई दिनों से लखनऊ में डेरा डाले नई दिल्ली की यह टीम उसके करीबियों के बारे में छानबीन कर रही है।सूत्रों की मानें तो टीम ने शेरपुरिया से उससे कई राजनेताओं, अफसरों और



उद्योगपतियों से संबंधों के बारे में सवाल किए। साथ ही, जिन जांच एजेंसियों के अधिकारियों से गहरे संबंधों का हवाला देकर वह लोगों के केस खत्म कराने का झांसा देता था, उन अधिकारियों के नाम भी पूछे गए। अधिकारियों ने उद्योगपति गौरव डालमिया से लिए गए छह करोड़ रुपये किन कंपनियों में ट्रांसफर किए, इसे लेकर भी सवाल किए। ईडी के इस कदम के बाद शेरपुरिया के संपर्क में रहने वाले नेताओं और अफसरों की मुश्किलें बढ़ना तय माना जा रहा है। सूत्रों की मानें तो टीम ने ऐसे तमाम लोगों की फेहरिस्त तैयार की है, जिसे मुख्यालय भेजा जाएगा। इसके बाद इन सभी को नई दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय बुलाकर पूछताछ की जाएगी।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# भोजपुरी फिल्म के डायरेक्टर की होटल के कमरे में मिली लाश, जांच में जुटी पुलिस

महाराष्ट्र के थाणे निवासी सुभाष चंद्र तिवारी ( 60 ) भोजपुरी फिल्म दो दिल बंधे एक डोरी से का निर्माण कर रहे थे। फ़िल्म की शूटिंग इन दिनों जिले के विभिन्न क्षेत्रों में चल रही है। इसी सम्बंध में फिल्म यूनिट पिछले 12 मई से यहां अलग-अलग होटल में ठहरी हुई है।भोजपुरी फिल्म दो दिल बंधे एक डोरी से के निर्माता-निर्देशक का बुधवार को संदिग्ध हाल में निधन हो गया।

उनका शव रॉबर्ट्सगंज नगर के एक होटल के कमरे में बिस्तर पर पड़ा मिला। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को कब्जे में लिया और सूचना घरवालों को दी।फिल्म की शूटिंग के सिलसिले में ही वह पिछले 12 दिनों से यहां ठहरे हुए थे। पुलिस में मामले की छानबीन शुरू कर दी है। कमरे से सिगरेट के पैकेट और दवाइयां बरामद हुई है।महाराष्ट्र के थाणे निवासी सुभाष चंद्र तिवारी ( 60 ) भोजपुरी फिल्म दो दिल बंधे एक डोरी से का निर्माण कर रहे थे। फ़िल्म की शूटिंग इन दिनों जिले के विभिन्न क्षेत्रों



में चल रही है। इसी सम्बंध में फिल्म यूनिट पिछले 12 मई से यहां अलग-अलग होटल में ठहरी हुई है। कुछ कलाकारों के साथ सुभाष चंद्र तिवारी वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग स्थित एक होटल में रूके थे। फ़िल्म यूनिट के सदस्यों के मुताबिक सुभाषचंद्र मंगलवार की शाम से ही कुछ परेशान थे। उन्हें डॉक्टर को भी दिखाया गया। होटल पहुंचने में बाद उन्होंने फिल्म के हीरो प्रेम सिंह और हीरोइन काजल यादव को भुगतान देकर मुंबई जाने के लिए एक कार से वाराणसी एयरपोर्ट भेजा। रात करीब दो बजे वह अपने कमरे में सोने गए। बुधवार की सुबह देर तक बाहर न आने पर साथी कलाकार उन्हें जगाने पहुंचे। काफी देर तक दरवाजा खटखटाने पर भी कोई उत्तर नहीं मिला। होटल प्रबंधन के माध्यम से सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचे रॉबर्ट्सगंज थाने के प्रभारी मनोज सिंह की मौजूदगी में पुलिस ने दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया तो बिस्तर पर सुभाषचंद्र मृत हाल में मिले। पुलिस ने सूचना उनके घरवालों को दी और शव कब्जे में लेकर जिला अस्पताल भेज दिया। थाना प्रभारी मनोज सिंह ने बताया कि विभिन्न बिंदुओं पर छानबीन की जा रही है। हार्ट अटैक भी मौत का कारण हो सकता है। परिजनों का इंतजार किया जा रहा है। पोस्टमार्टम के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

# अफजाल अंसारी की याचिका पर सुनवाई टली, एमपी-एमएलए कोर्ट के आदेश को दी है चुनौती

गाजीपुर की एमपीएमएलए कोर्ट ने मुख्तार अंसारी और सांसद अफजाल अंसारी को गैंगस्टर एक्ट में दोषी पाते हुए सजाई सुनाई है। मुख्तार अंसारी को 10 वर्ष और अफजाल अंसारी को चार साल की सजा मिली है। स्पेशल कोर्ट के फैसले के खिलाफ अफजाल अंसारी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है।संसद की सदस्यता खत्म होने के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट में दाखिल पूर्व सांसद अफजाल अंसारी की याचिका पर सुनवाई फिलहाल टल गई है। इस मामले की सुनवाई अब कल यानी 25 मई को होगी।गाजीपुर की एमपीएमएलए कोर्ट ने मुख्तार अंसारी और सांसद अफजाल अंसारी को गैंगस्टर एक्ट में दोषी पाते हुए सजाई सुनाई है। मुख्तार अंसारी को 10 वर्ष और अफजाल अंसारी को चार साल की सजा मिली है। स्पेशल कोर्ट के फैसले के खिलाफ अफजाल अंसारी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। चार साल की सजा मिलने के कारण उनकी लोकसभा की सदस्यता भी समाप्त हो गई है। अफजाल अंसारी 2019 में गाजीपुर से बसपा के टिकट पर सांसद चुने गए थे। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी और वर्तमान में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा को पराजित किया था। अफजाल अंसारी ने एमपीएमएलए कोर्ट के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। जिस पर बुधवार को सुनवाई होनी थी। अदालत ने मामले की सुनवाई को एक दिन के लिए टाल दिया है। अब इस केस की सुनवाई 25 मई को होगी।

# 'It is not in my hands to stop the increase in interest rates': RBI Governor said – there is no place for negligence on inflation

The RBI governor said, the global economy is facing tight financial conditions due to prolonged geo-political conflict, rising inflationary pressures from various countries and monetary policy tightening by major central banks across the globe. Reserve Bank of India (RBI) Governor Shaktikanta Das on Wednesday said that the IMF's World Economic Outlook for April 2023 has projected global growth to slow down to 2.8 per cent in 2023. Global growth was projected at 3.4 per cent in 2022. He said that in 2024 there will be three percent growth again. Das said, the economic slowdown is concentrated in advanced economies. However, the Asia-




Pacific region is expected to contribute around 70 per cent in 2023. According to these estimates, India will contribute around 15 per cent to the global growth in the current financial year. The global economy is facing tight financial conditions due to prolonged geopolitical conflicts, rising inflationary pressures from various countries and monetary policy tightening by major central banks around the world, he said. The IMF's April 2023 World Economic Outlook projects global growth to slow from 3.4 per cent in 2022 to 2.8 per cent in 2023, before picking up again to 3 per cent in 2024. 'It is not in my hands to stop the increase in interest rates' - RBI governor has indicated further increase in interest rates. He said that it is not in my hands to stop the increase in interest rate. It will depend on the situation. Das further said, the inflation rate is expected to come down to below 4.7 per cent in the next data of retail inflation. 'Inflation has come down, no room for laxity' - He accepted that inflation has come down, but there is no room for laxity. The central bank governor said that the RBI will ensure adequate liquidity to meet the productivity needs of the economy. Exuding confidence in the banking system, Das said India's banking system remains stable and sound with strong liquidity and capital positions and improving asset quality. He said the Reserve Bank will fully support the economy to maintain financial stability.

# Geomart will lay off 9 thousand, fired 1000 employees, claims – company doing this to increase profits

The company's decision to lay off comes after it recently acquired Metro Cash & Carry. It is claimed that Reliance mainly wants to increase its profits through this platform. E-commerce platform Geomart has fired more than 1,000 employees. Out of this, 500 people were associated with the corporate office. It is feared that the company will lay off 9,000 more employees. The company's decision to lay off comes after the recently acquired Metro Cash & Carry. It is claimed that Reliance mainly wants to increase its profits through this platform. Also, wants to cut down on its expenditure. That's why she's laying off on such a large scale. A total of more than 15,000 employees work in Geomart. In this, at least two-thirds of the number can be cut. 60,000 workers lost their jobs in the IT sector – 60,000 contract workers have lost their jobs in the country's IT sector in 2022-23. However, there remains a demand for vacancies in manufacturing, logistics and retail. According to the DBS report, there has been a 27 per cent decline in jobs in the IT sector in April this year as compared to April last year. 696 tech companies to cut jobs this year Due to this, there is a possibility of 10 lakh people being unemployed in Surat. India imports Russian diamonds from Russia's Alrosa, which accounts for 30 per cent of global diamond rough production. If the embargo continues and the demand for diamonds increases, the crisis may escalate. 9 out of every 10 diamonds produced in the world are polished and cut in India. Vipul Shah, chairman of the Gems and Jewelery Export Promotion Council, said the diamond industry is facing a crisis since the US sanctions on Alrosa in April 2022. The new?ban was a blow to Surat's diamond factories.

# Palm oil import may be the lowest in 27 months, Bharat Petroleum 168 percent more profit


India has imported an average of 8.18 lakh tonne monthly palm oil in the six months since November. In April, Indian buyers opted to cancel bulk purchases of palm oil for the first time in many years. Imports of palm oil could fall this month to a 27-month low. Importers



have canceled the palm oil cargo this time and imported soya oil and sunflower oil. According to dealers, India has imported an average of 8.18 lakh tonnes of monthly palm oil in the six months since November. In April, Indian buyers opted to cancel purchases of large quantities of palm oil for the first time in many years. Ban on wheat exports to remain in place - New Delhi. The government ruled out the possibility of lifting the ban on wheat exports. Consumer Affairs Secretary Rohit Kumar Singh said on Tuesday, consignments of food grains through diplomatic channels would be considered on a case-to-case basis. 168% more profit for Bharat Petroleum - Bharat Petroleum Corporation's fourth quarter net profit increased by 168 percent to reach Rs 6,780 crore. 2,559 crore in the same period a year ago. Income increased to 1.33 lakh crore.

# If you are going to invest in Sukanya Samriddhi Yojana, then know the important things, profit or loss for you

You can invest in Sukanya Samriddhi Yojana for your daughter in Sukanya Samriddhi Yojana. You can open Sukanya Samriddhi account anytime before the daughter is 10 years old, but before investing in this scheme, be sure to know about its disadvantages. Sukanya Samriddhi Yojana (SSY) was launched by the Central Government. This scheme was started under the 'Beti Bachao Beti Padhao' scheme. Sukanya Samriddhi Account is for parents of daughters in India. Tax-free returns are also given in this. However, Sukanya Samriddhi Yojana is not secure for your daughter's future due to several reasons. Know for what reasons you should not invest in this scheme? How much interest is available in Sukanya Samriddhi Yojana?- At present, 8 percent interest rate is available in Sukanya Samriddhi Yojana. However, these interest rates are revised after every three months. If you take this plan because of goals like education and marriage expenses, then it may not be enough to counter the rising inflation. The returns of this scheme do not beat inflation. What is the tenure of Sukanya Samriddhi Yojana?- The tenure of this scheme is 21 years. Equity investment is the best way to beat inflation over a long tenure. That is, if you have to invest, then you should also invest in equity along with Sukanya Samriddhi Yojana. Initially you have to invest less in Sukanya Samriddhi Yojana and more in equity. After the completion of the goal because of which you have taken this scheme, before some time you should increase the investment of Sukanya Samriddhi Yojana and reduce the investment of equity. Limitations of Sukanya Samriddhi Yojana- Some restrictions have been imposed on the account of Sukanya Samriddhi Yojana. These restrictions are not investor friendly. The amount deposited in the account can only be used for education and marriage expenses. Apart from this, the total amount remains the same. Money remains blocked for a long time in Sukanya Samriddhi account- Money remains blocked for a long time after investing in this scheme. The account matures when the daughter turns 21. When the daughter turns 18, then only 50% of the amount can be withdrawn. This amount can be withdrawn only for the education of the daughter. That is, the money remains blocked for a long time. You can withdraw your money anytime you invest in equity. Maturity Rules in Sukanya Samriddhi Account. The tenure of Sukanya Samriddhi account is 21 years. Despite this, deposits are made only for the first 15 years. After the girl child reaches the age of 18 years, the guardian can withdraw only up to 50 per cent of the amount in a business year. As per the rules of the Department of Posts, the transaction of money in the account can be completed in installments.



# बाहरी व्यक्तियों/संदिग्धों के संबंध में सत्यापन अभियान 395 व्यक्तियों का किया सत्यापन



राजकुमार केसरवानी
क्यूँ न लिखूँ सच
नैनीताल - एसएसपी नैनीताल ने दूसरे दिन चलाया राजपुरा हल्द्वानी, लालकुआं एवं बेतालघाट में बाहरी व्यक्तियों/संदिग्धों के संबंध में सत्यापन अभियान 395 व्यक्तियों का किया सत्यापन, अनियमितता पाए जाने पर लगभग 54 व्यक्तियों के 4 लाख 42 हजार के कोर्ट के किए चालान। शहर में शांति व्यवस्था कानून व्यवस्था एंव अपराधिक प्रवृत्तियों पर नजर बनाये रखने तथा सुरक्षा के दृष्टिगत पंकज भटट्, एसएसपी नैनीताल द्वारा बाहरी,संदिग्ध व्यक्तियों / किराएदार /घरेलू नौकरों के सत्यापन संबंध में कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में दिनांक 24-05-2023 को हरबंस सिंह, एसपी सिटी हल्द्वानी के निर्देशन में भूपेंद्र सिंह धोनी सीओ हल्द्वानी, संगीता क्षेत्राधिकारी लालकुआं के पर्यवेक्षण में समय प्रात: 06:00 बजे से 10:00 बजे तक हल्द्वानी के राजपुरा, लालकुआं, बेतालघाट क्षेत्र में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली हल्द्वानी, चौकी मंगल पड़ाव ,राजपुरा ,मंडी के चौकी प्रभारियों, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली लालकुआं, थानाध्यक्ष बेतालघाट एवं पुलिस बल द्वारा अपने अपने क्षेत्र में बाहरी/संदिग्ध व्यक्तियों के संबंध में सत्यापन अभियान चलाया गया जिसके अन्तर्गत अनियमितता पाए जाने पर निम्न कार्यवाही की गयी- कोतवाली हल्द्वानी - कोतवाली हल्द्वानी कुल 300 व्यक्तियों के सत्यापन किए गए 83 पुलिस एक्ट के अंतर्गत कोर्ट के 10-10 हजार रुपए के कुल 4 लाख 20 हजार रुपए के 42 चालान किए गए। कोतवाली लालकुआं कोतवाली लालकुआं कुल 50 व्यक्तियों के सत्यापन किए गए 81 पुलिस एक्ट के अंतर्गत कुल 08 चालान कर संयोजन शुल्क ?2000/- वसूल किया गया।

थाना बेतालघाट
थाना बेतालघाट कुल 45 व्यक्तियों के सत्यापन किए गए 83 पुलिस एक्ट के अंतर्गत कुल 04 चालान कर संयोजन शुल्क ?20,000/- वसूल किया गया। उक्त सत्यापन अभियान में हरेन्द्र चौधरी, प्रभारी कोतवाली हल्द्वानी , डीआर वर्मा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली लाल कुआं मनोज नयाल थानाध्यक्ष बेतालघाट के नेतृत्व में जगदीप सिंह नेगी चौकी प्रभारी मंगल पड़ाव , दिनेश जोशी चौकी प्रभारी राजपुरा गुलाब कंबोज चौकी प्रभारी मंडी उप निरीक्षक हरिराम तथा थानो के पुलिस बल द्वारा सत्यापन की कार्यवाही की

# कॉलेज देखों सारथी एडमिशन फेयर मेले में देहरादून के हज़ारों छात्रों को मिली करियर की सही राह




राजकुमार केसरवानी
क्यूँ न लिखूँ सच
नैनीताल - एडमिशन फेयर मेले में ऋषिकेश, रूड़की, हल्द्वानी एवं अन्य क्षेत्रों के 150 से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया उज्जवल भविष्य पाना हर एक छात्र का सपना होता है लेकिन, इसे पूरा करने के लिए सही राह का पता होना बहुत जरूरी है। इसी लक्ष्य के साथ कॉलेजदेखों सारथी के तहत उत्तराखंड के देहरादून में एडमिशन फेयर मेले का सफल आयोजन किया गया। इस मेले में हजारों की संख्या में विभिन्न वर्ग के छात्र शामिल हुए और प्रोफेशनल से अपने करियर को लेकर सही परामर्श (काउंसलिंग) पाया। देहरादून में आयोजित इस दो दिवसीय एडमिशन फेयर मेले में ऋषिकेश, रूड़की, हल्द्वानी एवं अन्य क्षेत्रों के छात्रों ने हिस्सा लिया। मेले में लगभग 150 से अधिक विद्यालयों के हज़ारों छात्रों ने भाग लिया और अपने रूचि के अनुसार करियर विकल्प चुनने का मार्गदर्शन प्राप्त किया। मेले के दौरान कॉलेजदेखो के चीफ़ मार्केटिंग ऑफिसर अभिनव उपाध्याय ने ज़िले के मेधावी छात्रों को उनकी उपलब्धियों के लिए मैडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। मेधावी छात्रों ने अन्य छात्रों को परीक्षा की बेहतर तैयारी के सुझाव दिए। अभिनव ने छात्रों को कई सत्र में करियर मार्गदर्शन भी दिया। अभिनव उपाध्याय ने उत्साहपूर्वक इस कार्यक्रम पर अपनी अंतर्दृष्टि साझा करते हुए कहा, कॉलेजदेखो सारथी का देहरादून चरण एक अविश्वसनीय रूप से सफल और सकारात्मक अनुभव साबित हुआ है।

मेले में भाग लेने वाले छात्रों और उनके अभिभावकों दोनों द्वारा प्रदर्शित करियर संबंधी जागरूकता के उल्लेखनीय स्तर से मैं वास्तव में प्रभावित हुआ। बच्चों के साथ अभिभावक भी जागरूकता के साथ काउंसलर से सवाल पूछते दिखे। हमारा कॉलेजदेखो एश्योर्ड प्रोग्राम, जो उद्योग की मांगों, आश्वासन के अनुरूप नौकरी के लिए तैयार कोर्स और 100 प्रतिशत प्लेसमेंट ऑफर करता है, इसके प्रति छात्रों में बेहद रूचि देखी गई।卐 इस मेले के दौरान मुफ्त ऑन स्पॉट काउन्सलिंग सत्र भी आयोजित किए गए, जहां इंजीनियरिंग, इन्फोर्मेशन टेक्नोलॉजी, मैनेजमेन्ट, फार्मेसी, नर्सिंग, पैरामेडिकल, होटल मैनेजमेन्ट, मास कम्युनिकेशन, कॉमर्स, एग्रीकल्चर आदि सभी विषयों में कोर्सेज़ को कवर किया गया। कॉलेजदेखो सारथी ने उत्तराखंड के उन छात्रों को भी अपना सपोर्ट दिया, जो विदेश में पढाई करने के इच्छुक हैं। बहुत से छात्र कॉलेजदेखो के स्टडी अबरोड बूथ पर करियर एवं शिक्षा के अवसरों के बारे में जानकारी जुटाते नज़र आए। कॉलेजदेखो ने अपने वेबसाइट पर टीयर 2 और 3 शहरों के छात्रों के बीच विदेशों में अध्ययन की रुचि में काफी रुझान भी देखा है। रूचिर अरोड़ा, सीईओ, कॉलेजदेखो ने कहा 卐कॉलेजदेखो का उद्देश्य टेक्नोलॉजी और जन संपर्क का लाभ उठाकर देश भर में पेशेवर करियर मार्गदर्शन का लोकतंत्रीकरण करना है। 'कॉलेजदेखो सारथी- मेगा एडमिशन फेयर को मिली सफलता इस बात की पुष्टि करती है कि छात्र हमारी सेवाओं को पसंद कर रहे हैं, इनसे लाभ उठा रहे हैं।

# अधिकारी एवं कर्मचारी आत्मानुशासन, आत्म नियंत्रण, और दृढ़ इच्छा शक्ति के बल पर राष्ट्र,समाज व लोगों की सेवा करने का प्रयत्न करें राज्यपाल



राजकुमार केसरवानी
क्यूँ न लिखूँ सच
नैनीताल - राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बुधवार को डॉ0 रघुनंदन सिंह टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल का भ्रमण किया। अकादमी पहुंचने पर महानिदेशक बी.पी. पाण्डेय एवं वरिष्ठ संकाय अधिकारियों द्वारा राज्यपाल का स्वागत किया गया। भ्रमण के दौरान राज्यपाल ने अकादमी में आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ द्वारा निर्मित आर्टिफिशियल क्लाइंबिंग वॉल का लोकार्पण किया। जहां प्रशिक्षकों द्वारा एक संक्षिप्त डेमो भी किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल ने अकादमी में सराहनीय सेवा के लिए पांच संकाय अधिकारियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। महानिदेशक द्वारा राज्यपाल को अकादमी की विभिन्न अवस्थापना संरचनाओं व प्रशिक्षण गतिविधियों का विस्तृत प्रस्तुतीकरण एवं जानकारी प्रदान की गई।राज्यपाल ने अकादमी में आयोजित होने वाले आधारभूत व सेवा प्रवेश प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रशिक्षु अधिकारी हेतु ''गवर्नर ट्रॉफी'' की घोषणा की। यह ट्रॉफी प्रत्येक वर्ष अकादमी में आयोजित होने वाले आधारभूत व सेवा प्रवेश प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षु को प्रदान की जायेगी। साथ ही उन्होंने अकादमी के पुस्तकालय हेतु 108 किताबें देने की घोषणा की। इस दौरान राज्यपाल ने अकादमी में आयोजित हो रहे सेवा-प्रवेश प्रशिक्षण तथा स्वच्छ भारत मिशन से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के प्रशिक्षु अधिकारियों एवं अकादमी के संकाय अधिकारियों को संबोधित किया। राज्यपाल ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे अपनी सोच एंव विचार के केंद्र में सेवा, समर्पण और सुशासन के त्रिशूल को धारण करें। अधिकारी अपनी सोच, विचार और धारणा इस प्रकार रखें जिससे अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक मूलभूत सुविधाएं पहुंच सकें। राज्यपाल ने कहा कि अधिकारी ''सेवा परमो धर्म:'' को आत्मसात हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी एवं कर्मचारी आत्मानुशासन, आत्म नियंत्रण, और दृढ़ इच्छा शक्ति के बल पर राष्ट्र, समाज व लोगों की सेवा करने का प्रयत्न करें। उन्होंने कहा कि एक कर्मयोगी की तरह अधिकारी को अपने दायित्वों को निभाना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि आप सभी अधिकारी फील्ड में जाकर अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति की समस्याओं को अवश्य सुने और उन समस्याओं के समाधान का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी के युग में हमें तकनीकी का प्रभावी उपयोग कर अपने कार्यों को और अधिक बेहतर करने का प्रयास करना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि अकादमी पूरे देश में एक सर्वश्रेष्ठ अकादमी के रूप में अपने आप को स्थापित करने का प्रयास करे।

उन्होंने कहा की अकादमी स्थानीय स्तर की चुनौतियों पर अध्ययन कर उनके समाधान खोजने का भी कार्य करे। उन्होंने कहा की अकादमी भ्रष्टाचार उन्मूलन हेतु भी समाधान खोजने पर भी मंथन एवं विचार करे। इस अवसर पर अकादमी महानिदेशक बी.पी. पाण्डेय, वरिष्ठ संकाय सदस्य और प्रशिक्षु अधिकारी उपस्थित रहे।

# सिविल सेवा परीक्षा में हल्द्वानी की दीक्षिता जोशी व मीनाक्षी आर्या की सफलता पर आयुक्त दीपक रावत ने आवास पर जाकर बधाई दी



राजकुमार केसरवानी
क्यूँ न लिखूँ सच
नैनीताल - संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा में पीलीकोठी बृजवासी कालोनी निवासी दीक्षिता जोशी यूपीएससी परीक्षा में 58वीं रैंक हासिल करने पर आयुक्त दीपक रावत ने आवास पर जाकर बधाई दी। दीक्षिता ने आयुक्त को बताया कि उनकी आर्यमान बिडला स्कूल हल्द्वानी से 12वी कक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात पंतनगर विश्वविद्यालय से बीटेक तथा न्हहिमाचल से एमटेक की परीक्षा उत्तीर्ण की। आयुक्त ने दीक्षिता जोशी को शुभकामनायें देते हुये कहा कि उन्होंने परीक्षा की तैयारी आवास से ही की है यह हमारे नौजवान बच्चों के लिए एक अच्छी सीख है। उन्होंने कहा कि बडे शहरों के साथ ही छोटे शहरों के बच्चे भी अपनी लगन व मेहनत से कोई भी मुकाम हासिल कर सकते है। उन्होंने दीक्षिता जोशी के पिताजी इंदु कुमार जोशी एवं माताजी दीपा जोशी के साथ ही पूरे परिवार को शुभकामनायें दी। इसके पश्चात सिविल सेवा परीक्षा में जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा निवासी मीनाक्षी आर्या के 444रैंक आने पर आयुक्त दीपक रावत ने उनके आवास पर जाकर बधाई दी। मीनाक्षी आर्या ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय सुयालबाडी से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण की। इसके पश्चात श्रीनगर गढवाल से बीटेक किया। आयुक्त ने मीनाक्षी आर्या को शुभकामनायें देते हुये कहा कि जो कार्य लगन व मेहनत से किया जाता है उसमें सफलता जरूर मिलती है। उन्होंने स्वयं अध्ययन कर इस सफलता को अर्जित किया है। उन्होंने मीनाक्षी के पिताजी दीवान राम, माताजी जानकी देवी के साथ ही पूरे परिवार को शुभकामनायें दी।

# खैरना पुलिस चौकी ने एक बार फिर दिया ईमानदारी का परिचय



राजकुमार केसरवानी
क्यूँ न लिखूँ सच
नैनीताल - अल्मोड़ा निवासी युवक का 30,000 रुपए का कीमती मोबाइल लौटकर खैरना पुलिस चौकी ने एक बार फिर दिया ईमानदारी का परिचय, दिनांक 24/5/2023 को खैरना चौकी प्रभारी एसआई दिलीप कुमार द्वारा आवेदक जगदीश त्रिपाठी, पुत्र भुवन त्रिपाठी, निवासी ताकुला जिला अल्मोड़ा का मोबाइल जो कि विगत दिनांक 19 मार्च 2023 को खैरना बाजार क्षेत्र में कही खो गया था तथा आवेदक द्वारा जिसकी चौकी खैरना में गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी।

पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए अपने अथक प्रयासों से सीसीटीवी का अवलोकन व सर्विलांस की मदद से आवेदक का लगभग 30,000 रुपए का कीमती मोबाइल फोन ढूंढकर मोबाइल स्वामी के सुपुर्द किया गया। अपना खोया हुआ मोबाइल पाकर युवक द्वारा स्थानीय चौकी पुलिस की प्रशंसा की गई।

# 24 घंटे के भीतर नाबालिक लड़की को सकुशल बरामद कर पुलिस टीम हल्द्वानी ने परिजनों के सुपुर्द किया



राजकुमार केसरवानी
क्यूँ न लिखूँ सच
नैनीताल - दिनांक 21/05/23 को नाबालिक लड़की की माता ने चौकी मंगल पड़ाव में तहरीर दी गई की उसकी नाबालिग बेटी घर से नाराज होकर बिना बताए कहीं चली गई है परिजनों द्वारा उसको काफी आस-पास तलाश किया गया परंतु नहीं मिली। उक्त तहरीर के आधार पर कोतवाली हल्द्वानी में गुमशुदगी दर्ज की गई। हरेंद्र चौधरी प्रभारी निरीक्षक कोतवाली हल्द्वानी के नेतृत्व में तत्काल टीम गठित की गई गुमशुदा नाबालिक होने के कारण सुरक्षा के दृष्टिगत भूपेंद्र सिंह धोनी क्षेत्राधिकारी हल्द्वानी के द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जा रही थी। टीम उप निरीक्षक जगदीप सिंह नेगी, कांस्टेबल संतोष, कॉन्स्टेबल अरुण राणा के द्वारा महिला के आस-पास एवं पड़ोस में पूछताछ की गई साथ ही क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों का बारीकी से अवलोकन किया गया इसके अतिरिक्त सर्विलांस सेल का भी सहयोग लिया गया तथा पतारसी सुरागरसी करते हुए नाबालिक लड़की की सूचना दिल्ली में होना प्राप्त हुई पुलिस टीम द्वारा तत्काल दिल्ली पहुंचकर नाबालिक लड़की को सकुशल बरामद कर दिनांक 22/5/23 को परिजनों के सुपुर्द किया गया परिजनों द्वारा कोतवाली हल्द्वानी नैनीताल पुलिस का हार्दिक एवं आभार प्रकट किया गया।

# कानून /शांति व्यवस्था एवं सत्यापन अभियान के तहत हल्द्वानी क्षेत्र अंतर्गत निकाली गई जन जागरूकता रैली



राजकुमार केसरवानी
क्यूँ न लिखूँ सच
नैनीताल - रैली के माध्यम से आम जनमानस को अपने मकान, दुकान, फैक्ट्री एवं कर्मशालाओं में काम करने वाले कार्मिकों का सत्यापन कराए जाने की अपील पंकज भटट्, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल के दिशा-निर्देशन में शहर हल्द्वानी में शांति व्यवस्था,कानून व्यवस्था बनाये रखने एवं अवैध अतिकम्रण, बाहरी व्यक्ति व किरायेदारों के सत्यापन करने के सम्बन्ध में क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाले जाने हेतु अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। हरबन्स सिह एस.पी. सिटी हल्द्वानी, में भूपेन्द्र सिंह धौनी सी.ओ.सिटी हल्द्वानी द्वारा हल्द्वानी सर्किल के निरीक्षक/थानाध्यक्षों/चौकी प्रभारियों को सर्वप्रथम भली-भॉति से ब्रीफ कर शहर को अतिक्रमण मुक्त करने एवं शहर में शांति व्यवस्था/कानून व्यवस्था/यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाये रखने के लिये निर्देशित किया गया शहर में निवास कर रहे बाहरी व्यक्तियों/किरायेदारों/होटल,दुकानों में कार्यरत कर्मचारियों का सत्यापन कराये जाने अभियान में तेजी लाने एवं शत-प्रतिशत रूप से सभी का सत्यापन कराए जाने के सन्दर्भ में मकान स्वामियों एवं दुकानदारों को जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया। अतिक्रमण मुक्त कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।